



दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन




वर्ष 53/ अंक 101/ पृष्ठ 8 / मूल्य₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 13 नवम्बर 2023 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in


### मुंगेली में चुनावी सभा को किया पीएम ने संबोधित किया

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पस्त और अस्तः मोदी

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस पस्त, अस्त है। राज्य में कुशासन है। छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के जाने का काउंटडाउन शुरू हो गया है। 3 दिसंबर को भाजपा की सरकार बन रही है। पीएम ने आगे कहा कि जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनी थी, तब मुख्यमंत्री के पद के लिए ढ़ाई-ढ़ाई साल का एग्रीमेंट हुआ था। लेकिन पहले ढ़ाई साल में ही मुख्यमंत्री जी ने इतना लूटा, इतना भ्रष्टाचार किया कि लूट के पैसों का अंबार जमा कर लिया। वे मुंगेली में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। संबोधन की शुरुआत जय जोहार से की।



मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहले चरण के चुनाव में मतदान से साफ है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। वे बोले मैं मुंगेली में विजय संकल्प महारैली को संबोधित कर रहा हूं। मोदी बोले यह चलाचली की बेला है। अब कांग्रेस सरकार कुछ दिन का ही खेला है। आने वाली देव दीपावली छत्तीसगढ़ के लिए नया आनंद लेकर आएगी। जिस कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को लूटा है वह कांग्रेस देव दीपावली पर कहीं नजर नहीं आएगी। मोदी ने महादेव एप घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें राज्य के प्रमुख कांग्रेस नेताओं के करीबी भी हैं। सरकार को इसका जवाब देना चाहिये। इसी के साथ पीएससी चयन में भी घोटाला हुआ है।

### महिलाओं और युवाओं का आभार


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजय संकल्प महारैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रथम चरण में भाजपा के पक्ष में भारी मतदान करने के लिए मैं छत्तीसगढ़ की जनता को हृदय से धन्यवाद देता हूं। आज मैं विशेष रूप से छत्तीसगढ़ की महिलाओं और युवाओं का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। मैं उनके फैसले को, भाजपा के प्रति उनके विश्वास को, भाजपा के प्रति उनके लगाव को आदरपूर्ण नमन करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि दिल्ली से जो पत्रकार मित्र और राजनीतिक विश्लेषक आते हैं वो सीना तानकर कहते हैं शर्त लगा लो, छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री(भूपेश बघेल) खुद हार रहे हैं।



# बेमिसाल एमपी को बेस्ट एमपी बनाएंगे: शाह

**भोपाल।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विदिशा जिले के सिरोंज में कहा, बेमिसाल एमपी को बेस्ट एमपी बनाएंगे। बंटाढार-कमलनाथ अपने बेटों को ष्ट्रूबनाने में जुटे हैं। कांग्रेस ने पांच गारंटी दी है। कांग्रेस की खुद की गारंटी नहीं, वो क्या गारंटी देंगे।

कमलनाथ के मन में नकुलनाथ को मुख्यमंत्री, सोनिया गांधी के मन में बेटे राहुल को प्रधानमंत्री बनाने की बात है। ये अपने बेटे-बेटी के लिए काम करने वाले देश का क्या भला करेंगे? कांग्रेस गरीब कल्याण की बात करती है। इन्होंने गरीबों को हटाने का काम किया। मोदीजी ने गरीब कल्याण के लिए कदम उठाए। मोदीजी ने 21 हजार करोड़ रुपए किसानों के अकाउंट में भेजा। कमल की सरकार बना दो। साल का 12 हजार रुपए किसानों को देंगे। मोदीजी को फिर से प्रधानमंत्री बना दो पांच साल तक मुफ्त राशन मिलेगा। हमने तय किया है कि मध्यप्रदेश में 6 एक्सप्रेस वे बनाएंगे।






### सीएम शिवराज का राहुल गांधी से सवाल

# सनातन के अपमान पर चुप क्यों हैं?

**भोपाल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज फिर मध्य प्रदेश में चुनावी सभाओं को संबोधित करने आ रहे हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनसे सवाल किया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राहुल गांधी आज फिर मध्य प्रदेश आ रहे हैं और मैं पूछना चाहता हूं कि इंडिया गठबंधन ने सनातन धर्म का अपमान किया, आप चुप रहे। क्या ये आपकी मौन स्वीकृति है? गठबंधन ने माताओं-बहनों का अपमान किया, आप मौन रहे। श्री चौहान ने पूछा कि इंडिया गठबंधन ने जीतन राम मांझी जैसे नेताओं का अपमान किया। वे (राहुल गांधी) ये बताएं कि उनकी पार्टी का वर्षों तक मध्य प्रदेश में शासन रहा। मध्य प्रदेश में किस ओबीसी को मुख्यमंत्री बनाया गया?




# मप्र में किसान-मजदूर के सही दाम की गारंटी: राहुल गांधी



**नीमच।** राहुल गांधी ने जावद में चुनावी सभा में कहा कि हमने जिस तरह से छत्तीसगढ़ में किसान और मजदूरों को सही दाम दिए, ऐसा ही हम मध्यप्रदेश में करने वाले हैं। हमने छग की अर्थव्यवस्था मजबूत की है, यहां भी ऐसा ही करेंगे। ये हमारी गारंटी है।

कुछ दिन पहले मोदीजी यहां आए, उन्होंने कहा कि पांच सौ फैक्ट्रियां लगा दीं, किसी को दिखी हैं फैक्ट्रियां? लगी कहीं फैक्ट्री? यहां मप्र के पास छत्तीसगढ़ है, हमने छत्तीसगढ़ में क्या किया, हम बताते हैं, और वही हम मप्र के लिए करना चाहते हैं। यदि किसी भी प्रदेश को मजबूत बनाना है, तो शुरुआत किसान और मजदूर से होती है। वो नींव है और यदि नींव कमजोर है तो इमारत नहीं मजबूत होती। हमने छग में मजदूरों और किसानों को सही दाम देने की शुरुआत की है। भाजपा के समय किसानों को धान के 1800 रु मिलते हैं, हमने आते ही 2500 रु धान के दिए, आज छग में देश में सबसे ज्यादा धान का पैसा मिलता है। मजदूर को सात हजार रुपए प्रति माह छग में दे रही है न्यूनतम। कर्ज माफ किया है। यही हम एमपी में करेंगे। हमने गारंटी दी है।



## भाजपा सरकार किसानों को एमएसपी पर बोनस भी देगी: तोमर

**ग्वालियर।** केंद्रीय मंत्री नरेंद्र तोमर ने कहा है कि भाजपा गांव, गरीब, युवा, महिला सभी के संवर्धन का ध्यान रखती है। अभी देश के सभी अस्सी करोड़ गरीब लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। हमारे संकल्प पत्र में भी कहा गया है कि हम प्रदेश में लोगों को सस्ती दर पर दालें, तेल आदि उपलब्ध कराया जाएगा।



किसानों के लिए इस बार यह संकल्प लिया गया है कि एमएसपी पर बोनस भी दिया जाएगा। इसे मिलाकर गेहूं का भाव 2700 रुपए और धान का भाव 3100 रुपए प्रति क्विंटल होगा। आदिवासियों से तेंदूपत्ता के दाम चार हजार कर दिए हैं। स्वास्थ्य पर तीन लाख करोड़ रुपए खर्च करेंगे, यह संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि हमने चुनाव के पहले जन आशीर्वाद यात्राओं का आयोजन किया। 21 दिन आशीर्वाद यात्राएं निकलीं, इसी बीच भाजपा के संकल्प पत्र के लिए जनता की राय का अभियान भी चलाया गया।
























भोपाल। दोपोत्सव का पर्व दीपावली राजधानी में धूमधाम के साथ मनाया गया। लक्ष्मीपूजन के साथ ही रात में ऐसी आतिशबाजी हुई की शहर का आसमान पूरी तरह रंगीन हो गया।

# मध्य विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ध्रुवनारायण सिंह युवा संगम सम्मेलन में पहुंचे



**भोपाल।** मध्य विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ध्रुवनारायण सिंह युवा संगम सम्मेलन में पहुंचे वार्ड-34 में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा घाडगे के द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन कार्यक्रम में मध्य विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ध्रुवनारायण सिंह ने कहा युवा सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी ध्रुवनारायण सिंह ने कहा की आज यहां उपस्थित 500 युवा साथियों से संवाद करते हुए कहा मोदी के मन में है मध्यप्रदेश,एमपी के मन में मोदी। लेकिन आपने कभी सोचा है ऐसा क्यों है भाजपा की सरकार से पहले 10 सालों तक देश में कांग्रेस की सरकार रही लेकिन उस सरकार ने गरीब, मध्यम वर्ग को लूटने का ही काम किया है।टेलिकॉम घोटाला, कोयला घोटाला और न जाने कितने घोटालों से कांग्रेस ने लाखों करोड़ों रुपये लूट लिए।

वही इनके कांग्रेस के प्रत्याशी आरिफ मसूद ने एसबीआई बैंक से 65 लाख 48 हजार के लोन में डिफॉल्टर है 1) आरिफ मसूद 34 लाख 10 हजार 2) रुबीना मसूद 31 लाख 28 हजार में मियां बीवी दोनों ही डिफॉल्टर है। और कांग्रेस प्रत्याशी ने पूरी विधानसभा क्षेत्र को हिन्दू मुस्लिम के चुनाव में तब्दील कर रहा है। यह अपने मौलवियों,काजियों को मुसलमानों के घर घर पहुँचा कर पूरे मुस्लिम भाईयों को कसमे खिलवाई जा रही हैं। मुझे यह समझ नहीं आ रहा है कि चुनाव विकास के नाम पर होता है ना कि कोम पर चुनाव होता है पूरे विधानसभा क्षेत्र के चुनाव को कांग्रेस प्रत्याशी ने हिन्दू मुसलमान के चुनाव पर लाकर खड़ा कर दिया है।आज की युवा पीढ़ी को यह पता नहीं होगा कि कांग्रेस ने देश के 100 जिलों पर पिछड़े होने का ठप्पा लगा दिया और कहा कि यह जिम्मेदारी विशेष रूप से 18 से 25 वर्ष के युवाओं की है, जिनका एक-एक वोट प्रदेश और मध्य विधानसभा क्षेत्र का 05 वर्ष का भविष्य तय करने वाला है। इसलिए आप हर बूथ पर कमल खिलाएं और घर जाएं, मतदाताओं से मिलकर सभी को 17 नवंबर को मतदान करने की अपील करे। ।

युवा सम्मेलन में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा घाडगे,वार्ड-34 के पार्षद पप्पू विलासराव घाडगे,वरिष्ठ नेता पूर्व पार्षद मक़सूद भाई,भाजपा महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह,भाजपा बरखेड़ी मंडल अध्यक्ष हेमंत जोगी,महामंत्री पवन पारोचे सहित भाजपा के वरिष्ठ नेतागण हजारों युवा साथी उपस्थित रहे।

## भदभदा कचरा ट्रांसफर स्टेशन में सफाई न रखने पर संचालनकर्ता कंपनी पर लगेगी पेनाल्टी

# निगम आयुक्त ने देखीं व्यवस्था, आदमपुर छावनी खंती की दीवारों पर बनेगी पेटिंग्स

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



निगम आयुक्त श्री फ्रैंक नोबल ए ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने तथा कचरा निष्पादन की प्रक्रिया तेजी से संपन्न कराने के दृष्टिगत शनिवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफसफाई व्यवस्था का जायजा लिया और साफसफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए साथ ही भदभदा कचरा ट्रांसफर स्टेशन में सफाई व्यवस्था ठीक न पाये जाने तथा सफाई कर्मचारी भी उपस्थित न पाये जाने पर सख्त नाराजगी व्यक्त की और संबंधित संचालनकर्ता कंपनी पर पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री नोबल ने आदमपुर छावनी स्थित लैंडफिल साईट एवं वृक्षारोपण स्थल का अवलोकन किया और कचरा निष्पादन की गति को और बढ़ाने, लैंडफिल साईट की दीवारों पर सुंदर पेटिंग्स बनवाने एवं पूर्व में निर्देशित सभी कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। निगम आयुक्त श्री फ्रैंक नोबल ए ने शनिवार को शिवाजी नगर, मयूर पार्क, सेकेण्ड स्टाप तुलसी नगर, गीतांजलि चौराहा, डिपो चौराहा, भदभदा रोड, नेहरू नगर पुलिस लाईन, पीएंडटी चौराहा, नया बसेरा, स्मार्ट रोड, लाड़ली लक्ष्मी रोड, कमला पार्क, मोती मस्जिद, रॉयल मार्केट, ठेले वाली सड़क, मोतिया तालाब, शाहजहांनाबाद, इस्लामी गेट पुतलीघर, सिंधी कालोनी, भोपाल टॉकीज, नादरा बस स्टैण्ड, अल्पना तिराहा, भारत टॉकीज रोड, काली मंदिर जहांगीराबाद, पुरानी जेल रोड, अरेरा हिल्स, 06 नंबर स्टाप, सात नंबर स्टाप, 10 नंबर मार्केट, 1100 क्वाटर्स, शाहपुरा, भरत नगर, इंडस एम्पायर आदि क्षेत्रों में साफसफाई व्यवस्था का जायजा लिया और मयूर पार्क क्षेत्र में सांची पार्लर संचालक द्वारा कचरा जलाने पर नाराजगी व्यक्त की और उसके विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री नोबल ने सेकेण्ड स्टाप क्षेत्र में सीएनजी वाहनों का भी अवलोकन किया और 03 कचरा वाहन भी खड़ी पाये जाने पर निगम आयुक्त ने संबंधितों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री फ्रैंक नोबल ए ने भदभदा कचरा ट्रांसफर स्टेशन के निरीक्षण के दौरान ट्रांसफर स्टेशन में समुचित साफसफाई न पाये जाने तथा सफाई कर्मचारी भी उपस्थित न होने पर नाराजगी व्यक्त की और संचालनकर्ता राजलक्ष्मी कंपनी पर पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने अनेक स्थानों पर कचरा वाहनों का अवलोकन भी किया और विभिन्न प्रकार का कचरा पृथक-पृथक ही परिवहन करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री फ्रैंक नोबल ए ने साफसफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने तथा स्वच्छता संबंधी सभी कार्यों को नियत समयानुसार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निगम आयुक्त ने आदमपुर छावनी स्थित लैंडफिल साईट का निरीक्षण किया और कचरा निष्पादन से संलग्न सभी उपकरणों का उपयोग उनकी पूरी क्षमता अनुरूप करने, उपकरणों व मशीनरी में जो भी आवश्यक सुधार/संधारण कार्य हैं उन्हें तत्काल पूर्ण करने तथा कचरा निष्पादन के दौरान निकलने वाले लीचैट का निष्पादन त्वरित गति से करने, स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के दृष्टिगत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन स्थल पर फ्लैक्स आदि लगाने तथा लैंडफिल साईट की दीवारों पर पेटिंग्स कराने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने आदमपुर छावनी वृक्षारोपण स्थल का भी निरीक्षण किया और पौधों की पर्याप्त मात्रा में सिंचाई आदि की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।

# बुद्धभूमि में वर्षावास समापन पर हुआ समारोह



**भोपाल।** शनिवार को दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ के तत्वावधान में वरिष्ट बौद्ध धम्मगुरु पूज्य भन्ते शाक्यपुत्र सागर थेरो जी एवं उनके शिष्यों के वर्षावास समापन पर भव्य कठिन चीवर दान समारोह 2023 बुध्दवर्ष 2568, दिनांक 11 नवंबर 2023, शनिवार को मध्यप्रदेश के बौद्ध समुदाय की हृदयस्थली बुध्दभूमि महाविहार मोनेस्ट्री, गोल्डन बुद्धा प्रतिमा, चूनाभट्टी, कोलार रोड भोपाल (म.प्र.) में वरिष्ट बौद्ध धम्मगुरु सम्मानित गणमान्य लोग और भोपाल के 33 महिला मंडल के द्वारा कठिन चीवर दान की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुवात भव्य कठिन चीवर दान रैली से की गई जिसमें वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओ के साथ सैकड़ों बौद्ध धर्मावलंबी अपने सर पर कषाय वस्त्र (चीवर) रख कर बुद्ध शरणं गच्छामि धम्म शरणं गच्छामि संघ शरणं गच्छामि उद्धघोषों के साथ कोलार तिराह से होते हुए बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री में भव्य चीवर दान रैली का विश्व शांति के लिए समर्पित 25फीट बुद्ध प्रतिमा पर समापन कर भिक्षु संघ ने त्रिरत्न वंदना कर पुण्यानुमोदन किया।

तथा बौद्ध धम्मगुरु पुज्य भदंत हर्षबोधि महास्थवीर,बौद्धगया ने उपस्थित हजारों बौद्ध धर्मावलंबीओ को त्रिशरण पंचशील प्रदान किया और भगवान बुद्ध की वाणी को महापरित्राण को आशीर्वाद के रूप में भिक्षु संघ ने पाठ किया। इस अवसर पर भोपाल के विभिन्न बौद्ध विहारों की 33 महिला मंडल ने पहली बार सामुहिक रूप से

भिक्षु संघ को चीवर दान अर्पित किया और भिक्षु संघ ने भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो एवं उनके शिष्यों को कठिन चीवर दान प्रदान किया।

इस अवसर पर बौद्ध धम्मगुरु पुज्य हर्षबोधि महास्थवीर, बौद्धगया ने कहा की बुद्ध धम्म के केंद्र में मनुष्य और उसका कल्याण है, जिससे समतामूलक समाज की स्थापना हो. मनुष्य अपने दु:खों से छुटकारा पाकर ही प्रसन्न हो सकता है और जब मनुष्य प्रसन्न होगा तभी समाज प्रसन्न होगा. बुद्ध धम्म में न कोई ऊंचा है न कोई नीचा. सभी धर्मावलंबियों को बराबरी का दर्जा प्राप्त है. उनकी एक ही पहचान है कि वे धम्म के अनुसार आचरण करने वाले हो जाते हैं. भिक्खुओं को उपदेश देते हुए भगवान बुद्ध ने कहा था कि जैसे समुद्र में मिलने पर सभी नदियां अपना स्वतंत्र अस्तित्व खोकर समुद्र बन जाती हैं, वैसे ही धम्म में शामिल होने पर ऊंच-नीच, अमीर-गरीब आदि सभी भेद मिट जाते हैं. सब बराबर हो जाते हैं. भगवान बुद्ध ने परिस्थितिवश डाकू बने अंगुलिमाल, नगरवधू आम्रपाली, नाई उपाली, राजा प्रसेनजित, अति धनवान व्यापारी अनाथपिंडक, सम्राट शुद्धोदन, पुत्र राहुल सभी को दीक्षा देकर सभी को बराबरी का दर्जा दिया। पुज्य मास्टर जेन थिक थुई थोंग, ताइवान ने कहा कि बुद्ध धम्म पूर्णरूपेण वैज्ञानिक धम्म हैं जिसमें रूढ़िवाद और अंधविश्वास के लिए कोई स्थान नहीं है. जिस प्रकार से वैज्ञानिक प्रयोग करके विश्लेषण और विभाजन करके किसी भी प्रक्रिया की तह तक जाकर निष्कर्ष पर पहुँचते हैं।

# भानपुर दुकान व्यापारियों से किया जनसंपर्क

भोपाल। भाजपा अजजा मोर्चा भोपाल जिला प्रभारी, मंडल चुनाव प्रभारी बालिस्ता रावत ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि भारतीय जनता पार्टी विधायक प्रत्याशी कृष्णा गौर को ऐतिहासिक मतों से विजई बनाने के लिए, भानपुर मंडल अध्यक्ष निलेश गौर, वार्ड 72 के पार्षद जोन 16 के अध्यक्ष विकास पटेल, वार्ड 73 के पार्षद राजू राठौर, मंडल चुनाव प्रभारी बालिस्ता रावत, विधायक प्रतिनिधि, मंडल चुनाव सह प्रभारी विनोद साहू, वरिष्ठ नेता पार्षद प्रतिनिधि राजू लोधी, मंडल महामंत्री सुबोध साहू, विमलेश कुमार, समाजसेवी प्रकाश पटेल, कामता प्रसाद गौर, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पूनम प्रजापति ने वार्ड 72 भानपुर मैन रोड़ के व्यापारियों से जनसंपर्क कर किया आग्रह, दीपावली की दी शुभकामनाएं । कार्यक्रम में गायत्री गायकवाड़, भागवती पटेल, रमा कुशवाह, विमलेश ठाकुर, हरिदेवी विश्वकर्मा, बीमा देवी, दिव्या पटेल, सीता चौरसिया, बिंदा चौहान, रामसखी लोधी, राजकुमारी परिहार, सविता द्विवेदी, बीएस मरमट, मांगीलाल पटेल, कैलाश सोनी, शिवदयाल मैथिल, हर्षसिंह राजपूत, मुकेश ठाकुर, कमलेश गंगेले, रविशंकर लोधी, कमलेश अहिरवार, चंद्रप्रकाश गौर, संदीप अहिरवार, बलराम रजक, अभिषेक माली, अंकित पटेल, मुकेश बघेल, अमित श्रीवास्तव, शुभम कोरी, राकेश दास, विजय गौतम, अक्ष्यवर ठाकुर, राम आशीष विश्वकर्मा, निलेश लोधी, सौरभ राठौर एवं अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## नसीर ने किया शहीद नगर में जनसंपर्क

नसीर इस्लाम ने किया शहीद नगर में जनसंपर्क मिलराह वार्ड के रहवासियों का बड़ा जन समर्थन लोगो की अब उत्तर विधान सभा से नसीर इस्लाम से आस नसीर इस्लाम के आने से होगा भोपाल के उत्तर विधान सभा का विकास लोगो की मांग के पुराने शहर मैं भी होसी एम सनराइज स्कूल स्मार्ट किलासेस बच्चो को मिले उच्च कोटि की शिक्षा मां बहने को मिले घूमने के लिए पार्क युवाओं को मिले खेल मैदान बेरोजगारों को रोजगार उत्तर विधान सभा मैं होराहे सरकारी जमीनों पर भूमाफियाओं से छुटकारा जैसी जटिल समस्याओं से लोग देख रहे है।

# बाल सम्प्रेषण गृह में बच्चों के साथ मनाई दिवाली, भजनों की प्रस्तुति

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



लायंस क्लब भोपाल लेकसिटी ने बाल संप्रेषण गृह में बच्चों के साथ दिवाली मनाई। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन जेपीएस जौहर ,रीजन चेयरपर्सन मजेएफ लायनअब्दुल अज़ीम खान, सत्यनारायण नायर (प्रख्यात भजन गायक) एवं अग्रवाल के साथ बाल सम्प्रेषण गृह का पूर्ण स्टाफ कार्यक्रम में मौजूद थे। लायंस क्लब लेकसिटी के अध्यक्ष लायन महेश कुमार साहू ,सचिव लायन अनुराग सक्सेना ,वरिष्ठ सदस्य लायन डी के सक्सेना ,लायन मोहम्मद रिज़वान ,लायन उमर अलीम ,एवं लायन मिलिंद जलगांवकर मौजूद थे। इस ही दौरान प्रख्यातभजन गायक सत्यनारायण नायर द्वारा बच्चो के लिए कई शानदार प्रस्तुति की गई , जिसमें, जिसमें,ऐसी लागी लगन,वो भारत देश है मेरा,गीत थे। इस क्रार्यक्रम की सराहना लायंस के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के द्वारा अपने उद्बोधन में की गई। लायंस क्लब भोपाल लेकसिटी के द्वारा बच्चो के साथ आतिशबाजी प्रदान की एवम स्वल्पहार किया गया।

# वार्ड 7 और 10 में किया जनसंपर्क, आलोक शर्मा का किया तुलादान



**भोपाल।** उत्तर विधानसभा प्रत्याशी आलोक शर्मा ने शनिवार को गुरुनानक मंडल के वार्ड 7 और 10 में जनसंपर्क किया। इस दौरान रहवासियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। जनसंपर्क के दौरान गुफा मंदिर व नेवरी मंदिर क्षेत्र के वैदिक ब्राह्मणों ने प्रत्याशी आलोक शर्मा को शंख ध्वनि, मंगलाचरण और स्वस्तिवाचन कर आशीर्वाद दिया। रामानंद कॉलोनी में लोगों ने तुलादान कर जीत का आशीर्वाद दिया। जनसंपर्क के दौरान बड़ी संख्या में पहली बार मतदान कर रहे युवाओं का ग्रुप भी आलोक शर्मा से मिला। इस अवसर पर शर्मा ने सभी से कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र और भविष्य निर्माण के लिए मतदान जरूर करें। साथ ही दूसरे लोगों को भी मतदान करने प्रेरित करें। जनसंपर्क के दौरान आलोक शर्मा के साथ पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में साथ चल रहे थे। दूसरी ओर महिला कार्यकर्ताओं की टोली भी भाजपा के समर्थन में वोट जुटाने गली गली प्रचार में लगी रही। शर्मा ने ईएमएस कालोनी, दुर्गा नगर, बीडीए कालोनी, अवंतिका परिसर, गोकुल धाम, महादेव नगर, गोल्फ लिंक, गंगा जमुना अपार्टमेंट, पीएनबी कालोनी, मदर इंडिया बस्ती आदि क्षेत्रों में लोगों से मुलाकात कर भाजपा के समर्थन में वोट करने की अपील की।।

## पत्रकारिता विश्वविद्यालय के नवीन परिसर माखनपुरम में मनाया दिवाली मिलन समारोह



भोपाल । माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के बिशनखेड़ी स्थित नवीन परिसर माखनपुरम में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) के.जी. सुरेश ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवास आवंटन का बड़ा तोहफ़ा दिया। प्रो. सुरेश ने आवास आवंटन पत्र को अपने हाथों से सभी शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सौंपा। इस अवसर पर कुलपति ने कैंटीन का नामकरण भी अन्नपूर्णा भोजनालय किया। सभी को दिवाली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए एवं प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि हम सब को मिलकर विश्वविद्यालय को प्रगति के पथ पर और आगे लेकर जाना है। उल्लेखनीय है की विश्वविद्यालय के नवीन परिसर माखनपुरम में शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए ए.बी.सी.डी. एवं ई. श्रेणी के लगभग सौ आवास का निर्माण किया गया है। जिनके आवास आवंटन पत्र को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सुरेश ने दिवाली मिलन समारोह में सभी को सौंपे द्य इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अविनाश वाजपई, विभाग अध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी विशेष रुप से उपस्थित थे।

## ‘कौन बनेगा वोटर नम्बर 1’ में कलेक्टर ने हॉट सीट पर बैठे मतदाताओं से पूछे सवाल




**भोपाल ।** ज़िले में मतदाता जागरूकता के अंतर्गत एक नई पहल करते हुए ‘ ’कौन बनेगा वोटर नम्बर 1’’ क्विज कार्यक्रम डीबी मॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने हॉट सीट पर बैठे मतदाताओं से निर्वाचन से संबधित प्रश्न पूछे एवं सही उत्तर देने वालों को आकर्षक उपहार भी दिये गये ।कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल स्वीप ऋतुराज सिंह ने भी मतदाताओं से निर्वाचन से संबंधित प्रश्न पूछे ।कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाना एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने प्रेरित करना है ।कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के प्रति जनजागरूकता लाकर भोपाल के मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है।

## हुजुर के सामान्य प्रेक्षक से सुबह 11 से 12 बजे के मध्य की जा सकती है मुलाकात

**भोपाल।** तलत परवेज सामान्य प्रेक्षक भारत निर्वाचन आयोग, 155 हुजूर जिला भोपाल विधानसभा निर्वाचन की प्रक्रिया का अवलोकन करने के लिए 28 अक्टूबर 2023 से भोपाल में उपलब्ध है। परवेज का मोबाइल नंबर - 8989296828 है एवं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत उक्त मोबाइल नंबर के साथ-साथ रिटर्निंग ऑफिसर के ऑफिस हुजूर में 11 से 12 बजे का मध्य एवं एनएचडीसी के गेस्ट हाउस श्यामला हिल्स में उनके निवास स्थान पर भी आकर कोई भी राजनीतिक दल के प्रत्याशी या उनके प्रतिनिधि या कोई अन्य जागरूक नागरिक समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त उनके मेल आईडी generalobservervsvzz@gmail.com पर भी अपनी शिकायत भेज सकते हैं।

## सौरभ श्रीवास्तव ने एम्स को 24 व्हील चेयर दान की



**भोपाल।** शक्ति नगर निवासी सौरभ श्रीवास्तव ने एम्स भोपाल को 24 व्हील चेयर दान की है। यह व्हील चेयर उन्होंने अपने पिताजी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मरीजों की सुविधा के लिए प्रदान की है। श्री सौरभ श्रीवास्तव के पिता स्व. संदेश श्रीवास्तव का एम्स भोपाल में कैंसर का इलाज चल रहा था। दो महीने पूर्व ही उनके पिता जी ने इस दुनिया को अलविदा कहा।एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने भी सौरभ श्रीवास्तव को उनके इस नेक कार्य के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर एम्स भोपाल के चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. शशांक पुरवार, डॉ. राघवेन्द्र विदुआ, डॉ. बबिता रघुवंशी के अतिरिक्त श्री सौरभ श्रीवास्तव के परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

# 59 हजार वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं ने डाक मतपत्र से घर से किया मतदान

भोपाल। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर से मतदान करने की वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत प्रदेश में 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश में 10 नवंबर तक 59 हजार 031 वरिष्ठ तथा दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ लिया है। इसी तरह से निर्वाचन ड्यूटी में लगे 2 लाख 25 हजार 616 अधिकारियों-कर्मचारियों ने फैसिलिटेशन सेंटर, अत्यावश्यक सेवाओं में शामिल 882 अधिकारियों-कर्मचारियों और 67 सेवा निर्वाचक मतदाताओं ने डाक मतपत्र से मतदान किया है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अत्यावश्यक सेवाओं के रूप में कार्यरत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, गृह विभाग (अग्निशमन सेवाएँ) और ऊर्जा विभाग में सेवारत शासकीय सेवकों को मतदान के दिन ऑन ड्यूटी होने के कारण अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर उपस्थित होने में सक्षम नहीं होने के कारण डाक मतपत्र से मतदान करने की सुविधा दी है।

**विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण रुप से एवं निष्पक्ष संपन्न कराने हेतु भोपाल पुलिस ने निकाला महा फ्लैग मार्च:** विधानसभा चुनाव निष्पक्ष, निर्भीक एवं शांतिपूर्ण रुप से संपन्न कराने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आज दोपहर सेंट्रल लायब्रेरी से पैदल फ्लैग मार्च एवं लाल परेड मैदान से वाहनों से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आमजन को निर्भीक एवं निष्पक्ष होकर मतदान करने हेतु प्रेरित करना, शहर में सुरक्षा का माहौल बनाए रखना, एवं गुंडों, बदमाशों तथा असामाजिक तत्वों में भय का माहौल उत्पन्न करना था, ताकि आमजन सुरक्षित महसूस करते हुए जिम्मेदार एवं जागरूक होकर निर्भीक व निष्पक्ष मतदान कर सके।

**पैदल फ्लैग मार्च:** पैदल फ्लैग मार्च अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अवधेश गोस्वामी के नेतृत्व में पुलिस उपायुक्त मुख्यालय रामशरण प्रजापति, पुलिस उपायुक्त जोन-03 रियाज इक़बाल, पुलिस उपायुक्त ट्रैफ़िक पद्म विलोचन शुक्ल एवं अन्य अधिकारियों के साथ दोपहर 12:30 बजे सेंट्रल लायब्रेरी ग्राउंड से आरंभ किया जाकर इतवारा, बुधवारा चौराहा, थाना तलैया चौराहा होते हुए लिली टॉकीज, जिंसी तिराहे होते हुए वापस शब्बन चौराहा से होते हुए लाल परेड पर समाप्त हुआ।

## बुंदेली दिवाली में कवियों ने किया प्रकाश का आवाहन



**भोपाल।** ज्योति पर्व पर बुन्देली काव्योत्सव का आयोजन अखिल भारतीय बुन्देलखण्ड साहित्य एवं संस्कृति परिषद के तत्वावधान में ,कोटरा स्थित ‘मड़बैया साहित्य सदन’ में सम्पन्न हुआ । अनेक कवियों और गीतकारों ने अपनी अपनी कविताओं की फुलझड़ियाँ ,पटाखे एवं बमों से काव्यात्मक आतिषचाजी की। ख्यात कवि पद्म श्री कैलाष मड़बैया का ‘दीवाली गीत’ देर तक फिज़ाओं में गूँजता रहा- ‘धरा को रोषनी की भेट देने आई दीवाली’। बुन्देली दिवाली का संचालन राष्ट्रीय सचिव श्री हेमन्त तैलंग ने किया। के.सी.जैन ने भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण पर्व होने के कारण 2023 की दीवाली को अतिविषेष निरुपित किया। अन्य प्रमुख कवियों में प्रमोद सक्सेना पुष्कर के आध्यात्मिक विम्ब, श्री नारखेड़े ,श्री हरिषंकर, मालती जैन आदि प्रमूख रहे। आभार प्रदर्शन के. सी. जैन ने किया।

## ट्रॉमा एवं इमरजेंसी विभाग में दीपोत्सव मनाया



**भोपाल।** एम्स भोपाल के ट्रॉमा एवं इमरजेंसी विभाग में दीपोत्सव मनाया गया। दीपावली की मंगल बेला में इस प्रार्थना के साथ कि ईश्वर सभी की पीड़ा हर ले और उन्हें स्वस्थ रखे। ट्रॉमा एवं इमर्जेंसी विभाग के अध्यक्ष डॉण् मोहम्मद यूनुसए डाक्टरए नर्सिंग अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर खूबसूरत रंगोली बनाई और दीप जलाए। रंगोली के द्वारा जीवन के रंगों को दर्शाते हुएए सावधानी का संदेश देते हुए मरीजों को अवसाद और ट्रॉमा से बाहर लाने का प्रयास किया गया। इस आजोजन से मरीजों को यह एहसास कराने की कोशिश की गई कि अस्पताल में रहकर भी उन्हें इस बात की कमी ना महसूस हो कि वे त्योहार नहीं मना पा रहे हैं।

# अस्पताल के सामने कचरा फैंकने वाली इंडस्ट्री पर निगम ने किया स्पाट फाइन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



नगर निगम द्वारा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु प्रभावी कार्यवाही निरंतर की जा रही है साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध भी स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने शनिवार जोन क्रमांक 17 के अंतर्गत भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल के सामने कचरा फेकने वाली इंडस्ट्री पर कचरे में मिले बिल पर लिखे पते पर पहुंच कर स्पॉट फाइन किया गया। इसी प्रकार जोन क्रमांक 09 के वार्ड क्रमांक 69 अशोका गार्डन प्रभात चौराहे पर एक व्यक्ति को कचरा फेंकते हुए पकड़ा और स्थल पर ही कार्यवाही की साथ ही निगम अमले ने अन्य क्षेत्रों में भी स्पाट फाईन की कार्यवाही की और कुल मिलाकर 09 हजार 800 रूपये की राशि वसूल की।

निगम आयुक्त श्री फ्रैंक नोबल ए द्वारा सड़कों, फुटपाथों, सार्वजनिक स्थलों आदि पर गंदगी फैलाने, सी.एण्ड.डी वेस्ट फैंकने, पॉलीथीन/सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों आदि के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देशों के परिपालन में निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने जोन क्रमांक 17 के अंतर्गत भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल के सामने कचरा पड़ा पाया जिसमें एक बिल मिला। निगम अमले ने कचरे में मिले बिल पर लिखे पते पर पहुंच कर गोविन्दपुरा इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित क्वालिटी इंजीनियरिंग पर 05 हजार रूपये का स्पॉट फाइन किया गया। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 69 अशोका गार्डन प्रभात चौराहे पर निगम के जोन क्रमांक 09 के अमले ने एक व्यक्ति को कचरा फेंकते हुए पकड़ा जिससे स्थल पर ही नगर निगम की टीम द्वारा 200 रूपये का स्पॉट फाइन वसूल किया गया। इसी प्रकार निगम के जोन क्रमांक 14 के अंतर्गत साफ सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने व पालीथीन/सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही के तहत वार्ड क्र. 56 विजय मार्केट क्षेत्र में 10 प्रकरणों में 01 हजार रूपये, वार्ड क्र. 57 के पिपलिया पेंदे खां क्षेत्र में 06 प्रकरणों में 600 रूपये, वार्ड क्र. 60 में 04 प्रकरणों में 02 हजार 500 रूपये तथा वार्ड क्र. 61 में 05 प्रकरणों में 500 रूपये का स्पाट फाईन किया। इस प्रकार निगम अमले ने कुल 09 हजार 800 रूपये की राशि वसूल की।

स म्पा द की य

# सबक लेने तैयार ही नहीं...

परंपराओं के बिगड़े हुए स्वरूप को धर्म की आड़ देकर हम अपनी ही जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। दीपोत्सव का पर्व खुशियों और उत्साह का पर्व माना जाता है, लेकिन वातावरण को इतना प्रदूषित कर देते हैं कि कई लोगों की तो जान पर ही बन आती है। व्यक्ति इतना स्वकेंद्रित होता जा रहा है कि पर्व मनाते समय यह नहीं देखता कि धर्म कभी किसी को कष्ट देने की अनुमति नहीं देता। धर्म के नाम पर दुकान चलाने वालों की शह पर लोग अपने वातावरण को कितना प्रदूषित कर रहे हैं, यह वे या तो जानते नहीं, या फिर लापरवाह हैं।

बात दीपोत्सव पर की जाने वाली आतिशबाजी की है। दिल्ली से कोई सबक न लेते हुए भोपाल के लोग इसका पर्यावरण बर्बाद करने पर तुले हैं। सुबह की खबर है कि दीपोत्सव पर्व की आतिशबाजी के बीच रविवार रात दो घंटे में एक्यूआई यानि एयर क्वालिटी इंडेक्स दो गुना बढ़ गया। शहर में लगातार हो रही आतिशबाजी के चलते एक्यूआई रात करीब 10 बजे 150-170 दर्ज किया गया था, वह रात करीब 2 बजे बढ़कर 329 पर पहुंच गया, जो वैरी पुअर यानि बहुत खराब दर्जे का माना जाता है। इसे अलावा दोपहर में यह एक्यूआई मॉडरेट कंडीशन में ही बना रहा था। भोपाल के सभी इलाकों में इस तरह से एक्यूआई बढ़ता नजर आया। वहीं दूसरी तरफ रविवार सुबह की बात करें तो एक्यूआई करीब 150 के आसपास दर्ज किया गया था। बीते 10 दिनों से शहर का एक्यूआई लगातार पुअर कैटेगरी में बना हुआ है। इससे पहले 7 नवंबर को एक्यूआई 318 दर्ज किया गया था। नेहरू नगर जैसे इलाकों में तो रात तीन बजे का एक्यूआई नापा जाता तो चार सौ से पार आता।

सुप्रीम कोर्ट तक के आदेश हैं कि कहीं भी रात के ग्यारह बजे के बाद आतिशबाजी बंद कर दी जाए, लेकिन कौन करता है। भोपाल के लगभग हर इलाके में पूरी रात आतिशबाजी होती रही। नेहरू नगर के गोमती कालोनी में तो लोग दूसरों के घरों के सामने देर रात तीन बजे तक तेज आवाज वाले पटाखे चलाते रहे। पूरा प्रशासन इसका साथ देता रहा। पुलिस थाने का फोन उठने का नाम नहीं ले रहा था। कई लोगों को आतिशबाजी के चलते अस्पताल जाना पड़ा। लेकिन लोग मानने के लिए तैयार ही नहीं हुए।

यह तो केवल दीपावली की बात है। भोपाल का एक्यूआई पिछले कई दिनों से बढ़ रहा है, जबकि यहां काफी मात्रा में हरियाली है। यदि यह हरियाली न होती तो हम दिल्ली को भी पीछे छोड़ देते। प्रदेश का सिंगरौली रात करीब 12 बजे प्रदेश का सबसे प्रदूषित शहर रहा, यहां एक्यूआई 377 दर्ज किया गया। इसके अलावा शहर के अन्य शहर इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, बैतूल, रतलाम और देवास में भी प्रदूषण पुअर कैटेगिरी में रहा। इन शहरों में एक्यूआई 200 से लेकर करीब 377 तक दर्ज किया गया।

एक नजर डालते हैं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की। शुक्रवार को राजधानी में हुई बारिश के बाद प्रदूषण कम हुआ था और हवा साफ हुई थी। इसका असर रविवार शाम तक रहा। रविवार शाम तक दिल्ली में एक्यूआई 200 से भी कम था। दिवाली की शाम पिछले 8 सालों में सबसे साफ रही थी। लेकिन रात होते-होते प्रदूषण बढ़ने लगा। यहां प्रतिबंध के बावजूद कई लोगों ने आतिशबाजी चलाई। सुबह होते-होते दिल्ली की हवा खराब हो गई। आज सुबह 10 बजे दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई फिर 400 के पार पहुंच गया था।

दिल्ली में प्रदूषण के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सभी तरह के पटाखों की बिक्री और खरीद पर रोक लगाई गई थी। राजधानी में कई टीमों को तैनात किया गया था, जो इस पर निगरानी रखें। लेकिन तमाम पाबंदियों के बाद भी कुछ लोग आतिशबाजी से बाज नहीं आए और खूब पटाखे चलाए। इसी का नतीजा है कि आज सुबह से ही आसमान में फिर से धुंध छा गई है। सर्दी के मौसम में वैसे भी वायुमंडल में धूल और गैसों का जमाव नीचे की ओर अधिक होने लगता है, जिसके कारण सांस संबंधी बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है। अस्थमा वालों को तो और दिक्कत होने लगती है।

लेकिन हमारे देश में किसी को किसी और से मतलब ही नहीं। हम बहुत ही स्वार्थी और सेल्फ सेंटर्ड यानि स्वकेंद्रित हो चुके हैं। धर्म का अर्थ अपने हिसाब से लगा लेते हैं। कोई रात को एक बजे यदि तेज आवाज वाले पटाखे चलाने के लिए कहता है तो भी नहीं मानते। उन्हें आपत्ति करने वाला धर्म विरोधी लगने लगता है, वो ये नहीं देखते कि वो खुद धर्म का नाश करने पर तुले हुए हैं। वो धर्म के नाम पर कितना अधर्म कर रहे हैं। और पागलपन की हदें ही पार कर रहे हैं। हम परेशानी तब तक नहीं समझते, जब तक खुद उससे दो-चार नहीं होते। समस्या यह है कि दूसरों की परेशानी समझने के बजाय उन्हें और परेशान करने में लोगों को आनंद आने लगा है। इसे ही वो त्यौहार समझने लगे हैं। हम शायद सनकी प्रवृत्ति के होते जा रहे हैं। तभी तो हमारे परिवार बिखर रहे हैं, रिश्ते तार-तार हो रहे हैं। समाज कहां जा रहा है, इससे किसी को कोई फर्क नहीं पड़ रहा। बस अपनी दो पल की खुशी के लिए जी रहे हैं। ये पर्यावरण नहीं समझता। प्रदूषण सभी के लिए बड़ी समस्या है। यह समझना तो होगा।


# पक्की खबर है कि वो को फॉर्म हाउस पर ले गए कलेक्टर साहब ...

**बोल हरि बोल... हरीश दिवेकर**

ये मौसम का जादू है मितवा। यहां गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी, उधर, सियासत का पारा चढ़ा हुआ है। अफसरशाही के चर्चे भी कम नहीं हैं साहब। बातें राजधानी तक आ रही हैं।खैर, इस समय दोनों प्रमुख दल भाजपा- कांग्रेस पूरी ताकत झोंके हुए हैं। सभाएं और रोड शो करने में भाजपा ने बाजी मारी है। 30 से ज्यादा स्टार प्रचारक रोज 100 से अधिक स्थानों पर पहुंच रहे हैं। कांग्रेस में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कमलनाथ की अगले चार दिन में 31 सभाएं लाइनअप हैं। ये तो हुई नेतानगरी। अब बात अफसरशाही की करते हैं। इन दिनों विंध्य में रंगीन मिजाज वाले कलेक्टर साहब सुर्खियों में हैं। वहीं, बुंदेलखंड के एक जिले में दो पंडिताइन अफसरों से कलेक्टर साहब मुश्किल में पड़े हुए हैं। पक्की खबर यह भी है कि चुनाव अब ठेके पर हो रहे हैं। बूथ जिताने का जिम्मा बांटा जा रहा है और इन सबके बीच एक मंत्री जी माल की इनकमिंग चालू करने और आउट गोइंग बंद करने को लेकर चर्चा में हैं। देश- प्रदेश में खबरें तो और भी हैं। आप तो सीधे नीचे उतर आइए और बोल हरि बोल के रोचक किस्सों का आनंद लीजिए।

**बड़े साहब से लाड़ली अफसर की अनबन**

चुनाव से पूर्व लाड़ली बहना योजना की किश्त महिलाओं के खाते में डालने पर विभाग की महिला आईएएस और बड़े साहब में तकरार हो गई। मैडम का कहना था कि चुनाव आयोग से अनुमति लेने के बाद ही लाड़ली बहना की किश्त डाली जाए, इस पर बड़े साहब नहीं माने। लाड़ली आईएएस भी ठहरी जिद्दी। छुट्टी लेकर घर बैठ गईं। फिर क्या था, अब साहब तो साहब हैं, आखिर 7 नवम्बर को बहनों के खाते में राशि डल गई। इसके बाद मैडम दफ्तर पहुंचीं।




**अपने मामा रॉक स्टार**

राजनीति में पल में तोला, पल में माशा होता है। अब देखिए तो जरा पहले तो पंत प्रधान सूबे की चर्चित लाड़ली बहना योजना का जिक्र नहीं कर रहे थे। मामा से भी कटे- कटे से थे। अब पंत प्रधान ने कहा कि हमारे मध?यप्रदेश में जब भी बहनों को याद करो तो, मामा तो याद आ ही जाता है। यह कहना भर था कि मामा की टीम ने इसे भुनाना शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर खूब ब्रांडिंग की जा रही है।

**मौका- मौका, माल मलाई का मौका**

माल कमाना भी कला है। इसमें माहिर कलाकार माल कूटने का मौका नहीं छोड़ते। ये सारी बातें प्रदेश के कुछ मंत्रियों पर सटीक बैठती हैं। इन्होंने ठेकेदार और बिल्डरों से जिस दम से चंदा लिया है, उसके एवज में खर्चा न के बराबर किया। अब तो मंत्रियों के समर्थक भी आपस में बोलने लगे कि भैय्या की इन कमिंग चालू रहती है, आउट गोइंग पर स्टॉप लगा हुआ है।

**रंगीले कलेक्टर चर्चा में**

विंध्य क्षेत्र के एक कलेक्टर महिला मित्रों को लेकर चर्चा में बने रहते हैं। इस बार मामला भोपाल तक पहुंच गया है। कलेक्टर और विंध्य के पूर्व मंत्री का अच्छा दोस्ताना है, तो ये साहब अपनी महिला साथी को लेकर उनके फॉर्म हाउस पर पहुंच गए। जिला छोटा है तो चर्चा आम हो गई कि कलेक्टर साहब महिला मित्र के साथ रंगरेलियां मनाने फॉर्म हाउस पर गए थे। स्थानीय इंटेलिजेंस ने भी भोपाल में बैठे साहब लोगों को सूचना देकर मामले की स्पीड बढ़ा दी।

**दो पंडिताइन और कलेक्टर साहब**

बुंदेलखंड के एक जिले में दो पंडिताईन अफसरों की आपसी खींचतान से कलेक्टर साहब खासे परेशान हैं। इसमें एक डिप्टी कलेक्टर हैं, जिनके पास उप जिला निर्वाचन अधिकारी का जिम्मा है तो दूसरी एडीएम हैं। दोनों के कैबिन आस-पास हैं, लेकिन दोनों में शीत युद्ध चल रहा है। पंडिताईन अफसरों की संवादहीनता के चलते कलेक्टर भारी परेशान हैं। उन्होंने अपने स्तर पर दोनों महिला अफसरों को समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। उन्होंने वरिष्ठ अफसरों को भी बताया है कि आखिर दोनों महिला अफसरों की आपसी लड़ाई के बीच जिले का चुनाव कैसे कराएं।

**चुनाव जीतने का नया पैटर्न**

कई नेता इस बार चुनाव जीतने के लिए नए पैटर्न पर काम कर रहे हैं। हर पोलिंग के प्रभावशाली को पोलिंग जिताने का ठेका इस शर्त पर दिया जा रहा है कि यदि पोलिंग जीते तो उन्हें दी गई मोटी रकम उनकी हो जाएगी, पोलिंग हारे तो पैसों की पोटली वापस करना होगी। दरअसल, अब तक पोलिंग के ठेकेदार दोनों दलों से पैसा मांग लेते थे जो जीतता था, उस पर अपनी मुहर लगाते थे।

**भाजपा के अंदर खुसर- पुसर**

राजनीति की बातें कहां किसी से छिपती हैं। देर सबेर बाहर आ ही जाती हैं। अब एक दिन पहले भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर खबर है। यहां संकल्प पत्र समिति के अध्यक्ष जयंत मलैया अपनी व्यस्तता के चलते नहीं पहुंचे, लेकिन चर्चा प्रभात झा के न पहुंचने की है। वे समिति में दूसरे नंबर पर थे, भोपाल में होने के बाद भी नहीं गए। दूसरा वक्तव्य को लेकर भी खुसर- पुसर है। मंचीय अतिथियों में से दो केंद्रीय मंत्रियों को उद्बोधन के लिए नहीं बुलाया गया। हर कोई कह रहा है कि आखिर वजह क्या है?

**कुछ के लिए ये दिवाली काली वाली**

इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम में ये दिवाली काली हो गई है। जी हां, काली इसलिए क्योंकि यहां परम्परा है कि हर दिवाली पर कर्मचारियों को दो-दो हजार रुपए दिए जाते रहे हैं, लेकिन इस बार निगम के मुखिया ने आचार संहिता का हवाला देकर रुपए जारी नहीं कराए। अब कर्मचारी कह रहे हैं कि साहब और संहिता ने दिवाली काली कर दी।

# भारत को निर्यात में बढ़ोतरी करनी होगी

**राकेश दुबे**

अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी एस एंड पी के मुताबिक हमारे देश भारत की अर्थव्यवस्था 2030 में वर्तमान के 3.4 खरब डॉलर से बढ़कर 7.3 खरब डॉलर हो जायेगी। वैसे भारत की अर्थव्यवस्था अभी ही इंग्लैंड और फ्रांस से आगे निकल गई है। अब तो जर्मनी की और उसके करीब पहुंचने के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था गतिशील है। अभी तक अर्थव्यवस्था के सभी संकेतक सही दिशा में हैं और सबसे बड़ी बात है कि कृषि की स्थिति मजबूत है, अनाजों की पैदावार घटी नहीं है बल्कि बढ़ी ही है, जिस कारण से देश में महंगाई अन्य देशों से काफी कम है। पड़ोसी देश पाकिस्तान का उदाहरण हमारे सामने है जहां 32 प्रतिशत से भी ज्यादा महंगाई की दर है। इस मामले में हम भाग्यशाली हैं कि हमारे यहां पैदावार बढ़ती जा रही है और देश सूखे या अतिवृष्टि से बचा हुआ है। कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और हमें शक्ति प्रदान कर रही है।

भारत की जीडीपी में कृषि के अलावा सर्विस सेक्टर, रियल एस्टेट वगैरह के साथ ही, निर्यात का भी हाथ है लेकिन यह अभी हमारा मजबूत पक्ष नहीं है। आंकड़े बता रहे हैं कि भारत का कुल निर्यात इस साल की पहली छमाही में 800 अरब डॉलर का रहा है और इसमें बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। लेकिन अगर हम चीन का निर्यात देखें तो धक्का-सा लगता है। चीन का जुलाई महीने का निर्यात ही 281.76 अरब डॉलर का रहा है और यह भी तब जब वहां मंदी की आहट सुनाई पड़ रही है। इससे दो बातें साबित होती हैं। एक तो यह कि हम अगर विश्व अर्थव्यवस्था में एक मुकाम पाना चाहते हैं तो हमें निर्यात में बड़े पैमाने पर बढ़ोतरी करनी होगी। चीन ने बहुत चालाकी से अपना निर्यात बढ़ाया था और डुप्लीकेट सामान सस्ते दामों में



उत्पादित करके सारी दुनिया में बेचा। लेकिन साथ-साथ अपनी टेक्नॉलॉजी में बहुत सुधार किया जिससे उसके बनाये सामान सारी दुनिया में बिकते रहे। इससे उसे निर्यात से बहुत फायदा हुआ और उस धन का बड़ा हिस्सा फिर निर्यात बढ़ाने में लगाया। निर्यात बढ़ाने के लिए उसने कमजोर देशों की बांहें मरोड़ने का भी काम किया जो भारत कभी नहीं करेगा।

इस समय भारत के दुनिया के प्रमुख देशों से अच्छे संबंध हैं खासकर अमेरिका से जो उसका सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। एक और बात जो भारत के पक्ष में जाती है- हमारा कृषि का निर्यात बढ़कर 52 अरब डॉलर हो गया है। आज यह स्थिति है कि भारत में फसल के अच्छे होने या खराब होने का दुनिया के कई देशों पर असर पड़ता है क्योंकि भारत का वहां बड़े पैमाने पर निर्यात है। कृषि निर्यात को बढ़ाकर दुगना किया जा सकता है, लेकिन इसके रास्ते में चुनौतियां बहुत हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि हमारी कृषि व्यवस्था उतनी नियोजित नहीं है और उसमें कई खामियां हैं। भारत सरकार ने बासमती चावल, दालों, गेहूं, चीनी वगैरह के निर्यात पर अभी कई तरह के प्रतिबंध लगाये हैं। अभी इसी जुलाई में लॉन्ग ग्रेन व्हाइट राइस के निर्यात पर भी रोक लगा दी है। यह सब देश में इनकी कीमतें बढ़ने न देने के लिए किया जा रहा है। इसी तरह प्याज की कई किस्मों पर भी प्रतिबंध लगा हुआ है। इससे हमारा निर्यात प्रभावित होता है और हम इस क्षेत्र में पिछड़ जाते हैं। हमारी जगह आयातक अब वियतनाम, थाईलैंड पाकिस्तान आदि से चावल खरीद रहे हैं। अब सरकार नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के जरिये 11 देशों को चावल 12 लाख टन लॉन्ग ग्रेन राइस का निर्यात करेगी। इससे छोटी राइस मिलों और निर्यातकों को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा।

दुनियाभर में निर्यात का ढांचा बदल रहा है। अब टेक्नोलॉजिकल सामानों के निर्यात का बाज़ार बहुत बड़ा हो गया है और इनमें भारत का योगदान एक प्रतिशत भी नहीं है जबकि यह बाज़ार 7 अरब डॉलर का है। इस दिशा में प्रयास करके हम अपना निर्यात काफी बढ़ा सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक पीएमआई में हमारा निर्यात बढ़ रहा है, मोबाइल फोन इसका बड़ा उदाहरण है। इसके अलावा फार्मा क्षेत्र में भी हम आगे हैं। इतना ही नहीं, जो ग्लोबल कंपनियां भारत आना चाह रही हैं वे यहां से निर्यात भी करेंगी। उधर अमेरिका चाह रहा है कि विश्व बाजार में चीन की जगह कोई दूसरा देश ले और यह भारत के लिए बड़ा अवसर है। यह हमारे लिए वरदान साबित होगा। सरकार आगे चलकर कुछ टैक्सों में छूट भी दे सकती है।

निर्यात बढ़ाने के लिए जो विशालकाय और चुस्त बुनियादी ढांचा चाहिए, वह भारत में अभी पूरी तरह से उपलब्ध नहीं है। भारत के मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के पास बहुत ज्यादा बुनियादी ढांचा नहीं है। यहां उनके लिए बड़े पैमाने पर उत्पादन केन्द्र होने चाहिए। हमारे बंदरगाह भी काफी व्यस्त रहते हैं और वहां उतनी जगह भी अभी नहीं है। जरूरत है बंदरगाहों के विस्तार की और नये बंदरगाहों के निर्माण की। इसके अलावा यहां लॉजिस्टिक्स क्षेत्र अभी शैशव काल में है, इसे परिपक्व होने में वक्त लगेगा। इसे सरकार का सहारा चाहिए। कई सारे एक्सप्रेस हाईवे अभी बन रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि यहां ट्रांसपोर्ट लागत बहुत है।

डीजल महंगा होने से सामान की ढुलाई काफी महंगी हो जाती है। इसके अलावा टोल टैक्स वगैरह भी बहुत ज्यादा है। इसका अंदाजा एक उदाहरण से लगाया जा सकता है कि लुधियाना में उत्पादित सामान बंदरगाह तक भेजने में जितना पैसा लगता है उससे कम पैसे में वह सामान बंदरगाह से दुबई पहुंच जाता है। ट्रांसपोर्ट का यह खर्च लागत में जुड़ जाता है जिससे वह महंगा हो जाता है। नौकरशाही भी एक समस्या है क्योंकि इसकी चाल धीमी है और यहां उन विभागों में काम धीरे-धीरे होता है। जैसे-जैसे निर्यात में बढ़ोतरी होती जायेगी, अर्थव्यवस्था और कुलांचें भरेगी। यह समय अब आ रहा है।

# हमारी संस्कृति बारूद नहीं बाँसुरी

**जयराम शुक्ल**

हाँ मैं पटाखे और आतिशबाजी के खिलाफ हूँ। इसमें मुझे ऐसी कोई भी बात नजर नहीं आती जो किसी त्योहार की गरिमा को बढ़ाती हो। वैसे भी यह सनातनी वैदिक संस्कृति का हिस्सा नहीं। हमारी संस्कृति टिमटिमाते हुए दीयों की है। सूरज शाम को ढलने के साथ ही दीयों को अपना उत्तराधिकार सौंप जाता है अँधेरे से लड़ने के लिए। दीया निर्बलों का संबल है। दीया गरीब गुरबों की आशा की लौ है जो उम्मीद जगाता है कि अँधेरा छटेगा,सुबह होगी,सूरज निकलेगा।

पटाखे चरित्र से हिंसक हैं। उनकी आवाज डराती है। घोसलों में विश्राम कर रहे पक्षी भयाक्रान्त हो जाते हैं। पशु जिंदगी की खैर मनाने लगते हैं। उनके लिए पटाखे और शिकारियों की गोली की आवाज में कोई अंतर नहीं होता। हम जिस दौर-ए-जहाँ में निबह रहे हैं वहां पटाखे भी बम का आभास देते हैं। एक बार इन्हीं दिनों दिल्ली में था। कमला नगर मार्केट में धमाके के बाद धमाके हुए तो पहले लोगों को लगा कि यह दीपावली की अगवानी है। जब लाशें बिछने लगी तब पता चला कि दहशतगर्दों के बम धमाके हैं। सो पटाखे चाहे दीवाली के हों या बारात के दहला देते हैं। आतिशबाजी भी नहीं सुहाती। सेकंडों की रंगीन रोशनी आँखों को चुँधियाने के अलावा कुछ नहीं, सिवाय आसमान में जहरीली गैस छोड़ने के। पक्षियों को वैसे भी शहर से दरबदर कर दिया,जो बचे हैं पटाखे और आतिशबाजी उनके लिये



शिकारी हाँके की तरह हैं।

आतिशबाजी और पटाखों ने न जाने कितने वन्यजीवों की जान ली होगी। शिकार कथाएं बताती हैं कि जंगलों में किस तरह पटाखे फोड़कर और आतिशी रोशनी से डराकर वन्य पशुओं को उनके आश्रय से निकाला जाता था फिर घात लगाए शिकारी उनका निशाना लगाते थे। हमारे विन्ध्य के जंगलों में देशी राजे महाराजे विदेशी लाटसाहबों को शिकार खेलने बुलाते थे और पटाखों से डराकर बाघों को उनकी मांद से बाहर निकालते थे फिर उनके शिकार का जश्न होता था। सो पटाखे खून से सने हैं,आतिशबाजी आह से लथपथ। मैं इसलिए इसके खिलाफ हूँ।

इतिहास साक्षी है कि बारूद ने ही देश में मुगल संस्कृति की बुनियाद रखी। कंपनी बहादुर अँग्रजों की बंदूकों ने फिर हमें गुलाम बनाया। बारूद कभी हमारे लिए शुभ नहीं रहा। पटाखों के पेट में भी वही बारूद है जो बाबर की तोपों में था। खानवा की लड़ाई से ही देश के भाग्य पर ग्रहण लगा। एक ओर बाबर की सेना दूसरी राणा सांगा के रण बाँकुरे। पूरी लड़ाई में राणा सांगा आगे रहे। पस्त पड़ रहे बाबर ने मोर्चे पर तोपें लागा दी। राणा सांगा के सामने इससे निपटने का विकल्प नहीं था। राणा के रणबांकुरे भाला,तलवार, तीर-कमान के भरोसे थे। बारूद जीत गया तलवारें हार गईं। दिल्ली के तख्त-ए-ताऊस में मुगल सल्तनत की ताजपोशी हुई। बाबर पहला शख़्स था जो भारत में तोप और बारूद के साथ आया। इसके बाद अँग्रेज तोपों का छोटा संस्करण बंदूक लेकर आए। देश की बागडोर तलवार की नोक से तोप के मोहड़े से होते हुए बंदूक की नोक पर आ गई। बारूद ने बार-बार देश की किस्मत को फेरा है। फिर भी हम बारूद की गंध में अपने सनातन की उत्सवधर्मिता क्यों तलाशते हैं।

आम जिंदगी में वैसे भी इतना चिल्लपों है कि चैन नहीं। ऊपर से ये धूमधडाम। पहले तो एक दिन ही रहता था। अब दीपावली से लेकर देवप्रबोधिनी तक। फिर शादी ब्याह का सीजन। फिर कोई चुनावी हार जीत। फिर किसी लोकतंत्र बहादुर का जन्मदिन। बहाने बहुत हैं दूसरों का चैन हरने के लिए। ये बाजार के चोंचले हैं। पटाखे आतिशबाजी उसी की देन है। मुगल जब जंग जीतकर लौटते थे तो तोपें चलवाते थे आतिशबाजी होती थी। उन्हीं के दौर में दीपावली के साथ मुगलों का ये सांस्कृतिक फ्यूजन हुआ। तब से चलता ही चला आ रहा है। टीवी में देख रहा था कि सुप्रीम कोर्ट के बंदिस की प्रतिक्रिया में एक महाशय चीख चीख कर कह रहे थे कि ये हिन्दू संस्कृति पर हमला है। दरसअल ये 2000करोड़ रुपये के बाजार संस्कृति पर हमला है। धंधे ने इसे हिंदू संस्कृति से जोड़ दिया।

हमारी संस्कृति में बारूद कभी रहा ही नहीं। बाँसुरी रही है जो कृष्ण के महारास में उल्लास की अभिव्यक्ति करती थी। दीपावली कृष्ण संस्कृति यानी कृषि संस्कृति का विस्तार है। यह नागरसंस्कृति का पर्व है ही नही। गांवों से होता हुआ शहर पहुंचा है। यह पर्व खरीफ के धनधान्य का पर्व है। धनधान्य के साथ लक्ष्मी मैय्या का आगमन होता है। लक्ष्मी मैय्या सफाई पसंद है, इसलिए यह स्वच्छता का पर्व है। कूड़े में दरिद्रता रहती है सो उसके विसर्जन का पर्व है। सुप्रीम कोर्ट ने भले ही दिल्ली के प्रदूषण की स्थितियों को देखते हुए पटाखों पर प्रतिबंध लगाया हो पर मेरी दृष्टि से नेक और उचित निर्णय है,इसका दायरा समूचे देश तक होना चाहिए..आप भी सहमत होंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

# भाजपा ने समाज के हर वर्ग के लिए योजनाएं चलाईं: पटैरिया



छतरपुर। शनिवार को राजनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटैरिया ने जनसंपर्क अभियान चलाया। वे लवकुशनगर के वार्ड नंबर 4, 5, 6 के अलावा ग्राम ज्योराहा और बैतालीपुरवा पहुंचे, जहां जनता से मुलाकात की। अरविंद पटैरिया ने इस दौरान भाजपा की उपलब्धियों को बताया और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह किया। वहीं जनता ने उनका जगह-जगह स्वागत किया। संवाद के दौरान, जनता ने भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटैरिया को अपनी समस्याओं और जरूरतों के बारे में बताया, और प्रत्याशी ने उनसे मिलकर समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा समाज के हर वर्ग के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं और वे इन्हीं योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए संक?ल्पित हैं। उल्लेखनीय है कि भाजपा प्रत्याशी को क्षेत्र में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है और वे जनता के बीच सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

# नगर के बाजार में घूमे सपा प्रत्याशी, कहा अपने बेटे को विधानसभा भेजें



छतरपुर। महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के सपा प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी ने शनिवार को नगर के व्यवसायिक क्षेत्र में घूमकर दुकानदारों और दीवाली की खरीददारी करने आए ग्राहकों से जनसंपर्क करते हुए चुनाव के लिए आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर अजय दौलत तिवारी के समर्थन में ढोल नगाड़ों के साथ कार्यकर्ताओं ने जहां रैली निकाल दी तो वहीं लोगों ने भी छतों से पुष्पवर्षा करते हुए नौगांव नगर के इस बेटे का गर्मजोशी से स्वागत किया। जनता से मिलते हुए सपा प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी ने कहा कि पहली बार इस विधानसभा क्षेत्र में नौगांव नगर का एक नौजवान बेटा अपने परिवार से वोट रूपी आशीर्वाद लेने निकला है। हमारा यह नगर वर्षों पहले जिस गौरव और वैभव के लिए जाना जाता था उस वैभव को भाजपा और कांग्रेस के विधायकों और सरकारों ने हमसे छीन लिया। आज नगर में बिजली, पानी, गंदगी जैसा संकट फैला हुआ है। लोगों के पास पर्याप्त अवसर नहीं है। इस शहर में बड़ी आबादी रहती है लेकिन उनके विकास के लिए स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर नहीं की गई हैं। उन्होंने जनता से कहा कि यदि इस बार जनता अपने इस बेटे को विधानसभा पहुंचाती है तो हम संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र सहित अपने नौगांव नगर के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे।

# मतदान के 48 घंटे पहले प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों को कराना होगा पूर्व प्रमाणित

औबेदुल्लागंज। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रदेश में मतदान के 48 घंटे पहले प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश भी जारी किए गए हैं। मध्यप्रदेश में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए एक ही चरण में 17 नवंबर को मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन के लिए समय सीमा तय कर दी है। प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले मीडिया सर्टिफकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा।

# पिछोर में भाजपा प्रत्याशी प्रीतम लोधी पर पथराव




शिवपुरी जिले के पिछोर विधानसभा क्षेत्र में अज्ञात लोगों ने भाजपा प्रत्याशी प्रीतम लोधी की रैली पर पथराव कर दिया। करारखेड़ा गांव में हुई इस घटना में लोधी समेत छह लोग घायल हो गए। वाहनों को भी नुकसान पहुंचा। लोधी ने शिवपुरी से कांग्रेस प्रत्याशी केपी सिंह कक्काजू पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस हार के डर से हताश हो गई है। हमने पुलिस में शिकायत की है। जिला पंचायत सदस्य मनीराम लोधी ने कहा- कक्काजू के समर्थकों ने पहले पथराव किया, फिर हवाई फायर कर लाठी-डंडों से पीटा। बता दें कि करारखेड़ा गांव कक्काजू का गृह ग्राम है। वे यहीं रहते हैं।

# मतदाता 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक भी दिखाकर कर सकेंगे मतदान

रायसेन। .मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज है परंतु उसके पास किसी वजह से मतदाता परिचय पत्र उपलब्ध नहीं है। तो भी वह विधानसभा निर्वाचन-2023 में मताधिकार का उपयोग कर सकेगा। मतदाता परिचय पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो युक्त दस्तावेज दिखाकर 17 नवम्बर को मतदान कर सकेंगे। इसी प्रकार यदि किसी कारण से किसी नागरिक को मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त नहीं होती है, लेकिन उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो भी वह मतदान कर सकेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सभी मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र जारी किया जा रहा है। जो मतदाता वोटर आईडी कार्ड प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा। उन्होंने बताया कि 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, पीएसयू, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक, डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है। अप्रवासी भारतीय मतदाताओं (एनआरआई) को केवल पहचान के लिए अपना मूल पासपोर्ट दिखाना होगा।

# इंदौर में डेली कॉलेज बोर्ड मेंबर पाहवा के घर हाई प्रोफाइल विवाद, वाइस प्रेसिडेंट श्रेयस झवर पर छेड़छाड़ का केस





इंदौर। डेली कॉलेज बोर्ड मेंबर (पेरेंट कैटेगरी से) संजय पाहवा के घर दिवाली के पूर्व मिलन समारोह में जमा हुए हाईप्रोफाइल लोगों के बीच छेड़छाड़ से लेकर मारपीट तक के केस दर्ज हो गए। दो पक्षों में उनके घर पर हुए विवाद के दौरान मामला कनाडिया थाने तक पहुंच गया है और दोनों ही पक्षों की शिकायतों पर मारपीट से लेकर छेड़छाड़ तक के केस दर्ज हो गए हैं। पुलिस अब जांच में जुटी है। यह वहीं झंवर है जो लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान बीजेपी प्रत्याशी और मौजूदा सांसद शंकर लालवानी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कर चुके हैं और इनके खिलाफ तब पुलिस ने केस दर्ज किया था। श्रेयस झवर ओल्ड डेलियन कमेटी में वाइस प्रेसिडेंट भी है।

## श्रेयस झंवर पर लगे छेड़छाड़ के आरोप

श्रेयस झंवर पिता मधूसूदन झंवर पर कनाडिया पुलिस ने महिला की शिकायत पर छेड़छाड की धारा 354 के साथ ही, 323, 294, 506 व 34 जैसी धाराओं में केस दर्ज किया है। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि पाहवा कांउट्री वॉक स्थित घर 10 नवंबर को दिवाली पूर्व मिलन समारोह हुआ था। इसमें श्रेयस झंवर शराब के नशे में बुरी नियत से मेरा हाथ पकड़कर डांस करने के लिए खींचने लगा। मेरे मना करने पर नहीं माना, मैंने पति को कहा, उन्होंने श्रेयस को समझाया। बाद में श्रेयस ने दोस्तों के साथ पार्किंग में आकर मेरे पति के सिर पर शराब की बोतल मार दी और दोस्तों ने उन्हें मारा। मैं बचाने गई तो श्रेयस ने धक्का देकर गिरा दिया। पुलिस ने इस शिकायत पर श्रेयस पर केस दर्ज कर लिया है।

## श्रेयस ने यह केस कराया

वहीं श्रेयस ने कनाडिया थाने में महिला के पति के खिलाफ मारपीट की शिकायत की। इसमें कहा गया है कि आरोप से धक्का लगने की बात पर उसने मुझे गंदी गालियां थी और चाबी में लगे चाकू से हमला किया और होंठ पर मारा। बाद में धक्कमुक्की की और मेरे साथ मारपीट। पुलिस ने श्रेयस की शिकायत पर महिला के पति पर मारपीट की धाराओं 323, 294 व 506 में केस दर्ज कर लिया है। उधर बताया गया कि श्रेयस को टांके आए हैं और वह निजी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सांसद के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी पर उलझ चुके हैं झंवर

झंवर पहली बार विवादों में नहीं आए हैं। वह 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी पंकज संघवी के समर्थन और बीजेपी प्रत्याशी शंकर लालवानी (जो अब सांसद है) के खिलाफ अमेरिका से विवाद टिप्पमी करते हुए सोशल मीडिया पर मैसेज अपलोड किया था। इसमें सिंधी समाज को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की थी। जिस पर पुलिस में केस भी दर्ज हुआ था।

# आप प्रदेश उपाध्यक्ष पर पति ने चलाई गोलियां, दो कर्मचारी घायल



ग्वालियर। ग्वालियर में आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता रुचि गुप्ता को टारगेट कर उनके पति ने गोलियां चलाईं। गोली लगने से दो कर्मचारी घायल हुए हैं। घटना शहर के सिटी सेंटर इलाके के फिटनेस एंड ब्यूटी सेंटर रिवायटल मंत्रा की है।

रविवार देर शाम दीपावली का पूजन चल रहा था, तभी क्क नेता का पति संदीप ठाकुर आया और बिना कुछ पूछे फायरिंग कर दी। हमलावर ने लगातार दो गोलियां चलाईं, तीसरा फायर करता, उससे पहले फिटनेस सेंटर के स्टाफ ने उसे पकड़ना चाहा तो वह पिस्टल लहराते हुए भाग निकला। पुलिस और फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची। फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. भार्गव को 32 बोर गोली का खाली खोका मिला है। दोनों घायल कर्मचारियों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

शहर के सिटी सेंटर स्थित एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय में रीवायटल मंत्रा नाम से फिटनेस सेंटर है। इसकी ऑनर रुचि गुप्ता हैं। आप नेता का पति संदीप ठाकुर से कुछ समय से विवाद चल रहा है। संदीप बिना उसकी इजाजत के पूजन करने पर नाराज था। इसी बीच उसने पिस्टल निकालकर फायरिंग कर दी। एक गोली रुचि के कर्मचारी निखिल शर्मा की पिंडली को रगड़ते हुए निकली, जबकि दूसरी गोली उज्ज्वल त्यागी के पैर में लगी है। जब संदीप ठाकुर को पकड़ने का प्रयास किया गया तो वह बाहर खड़ी कार से भाग गया। विश्वविद्यालय थाने के टीआई अनुराग प्रकाश ने बताया कि घायल कर्मचारी निखिल की शिकायत पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है।

# पीएचई कार्यालय में भीषण आगप्लास्टिक के पाइप में लगी आग पर दमकल ने पाया काबू



उज्जैन। गऊघाट स्थित पीएचई के वाटर वर्क्स कार्यालय के बाहर रखे प्लास्टिक के पाइप में भीषण आग लग गई , आग की सुचना पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

चिंतामन रोड स्थित जंतर मंतर के सामने सोमवार तड़के वाटर वर्क्स के कार्यालय में रखे प्लास्टिक के पाइप में भीषण आग लगने के कारण क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई, मौके पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया, माना जा रहा है की दिवाली का दिन होने के कारण किसी पटाखे की वजह से वहां रखे पाइप और प्लास्टिक क टंकी ने आग पकड़ ली। जिससे वहां रखे लाखों रुपए के पाइप जलकर ख़ाक हो गए। आग इतनी भीषण थी की सही समय पर काबू नहीं पाया जाता तो आसपास के कार्यालय भी इसकी चपेट में आ जाते।

## इंदौर-2 में कांग्रेस प्रत्याशी का विवादित बयान



इंदौर। इंदौर-2 से कांग्रेस प्रत्याशी चिंटू चौकसे का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में चौकसे कह रहे हैं, हम तो पागल लोग हैं, जिस किसी ने गुंडागर्दी करने की कोशिश की जमीन में 6 फीट नीचे गाड़ देंगे। कुलकर्णी भट्टे में आतंक का माहौल बना रखा है। ये 3 दिसंबर को खत्म होगा और नया सूर्योदय होगा। अब सिर्फ बीजेपी-कांग्रेस के बीच में चुनाव होगा। दोस्ती-यारी नहीं होगी। कांग्रेस प्रत्याशी चिंटू वीडियो में कह रहे हैं, %यहां के दो ढाई-हजार लोगों ने अपनी मर्जी से झंडे लगाए थे। जीतू यादव ने गुंडा-गर्दी कर सारे हटवा दिए। इस मंच से जीतू यादव को सबके सामने चैलेंज करता हूं। अब ताकत से आमने-सामने की लड़ाई होगी। जिसमें दम होगा जीत जाएगा। बहुत हो गई दोस्ती-यारी, गुंडागर्दी। तकलीफ इतनी देना जितनी सहन कर सको।

# विधानसभा के बड़े गांवों को नगर पंचायत बनाएंगे : खत्री

,बैरसिया। हमने 10 साल मूलभूत सुविधाओं पर काम किया है। जिसमें सड़क, पानी, बिजली, स्कूल शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सम्पूर्णता की ओर है। हमारी आगामी कार्ययोजना में विधानसभा के बड़े गांवों को नगर पंचायत बनाने की योजना है। हमारी विधानसभा में ऐसे आधा दर्जन गांव है, जो नगर पंचायत बनने की श्रेणी में शामिल होने वाले है। यह बात भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री ने बुधवार को अपने जनसंपर्क के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हम उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी काम करेंगे। हमारा विधानसभा क्षेत्र कृषि आधारित है, इसलिए अब हम बैरसिया में कृषि महाविद्यालय की स्थापना करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि कृषि की उच्च शिक्षा के लिए हमारे आसपास अभी सिर्फ सीहोर में महाविधालय है। इसके अलावा हमारी आगामी कार्ययोजना में रुनाह और नजीराबाद में महाविधालय को स्थापना करना भी शामिल है। बैरसिया में महाविधालय में पीजी कोर्स शुरू कराये, महाविद्यालय भवन निर्माण कराया। इसके अलावा आईटीआई की स्थापना कराई। हमने क्षेत्र में जगह-जगह हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों की स्थापना कर दी है। उसी का नतीजा है की 10 वर्षो में 780 विद्यार्थियों को संख्या बढ़कर अब 2800 से अधिक हो गई है। बुधवार को भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री ने भोरासा, बर्री, इमालिया, कुल्होर, कुल्होर पठार, बैरागढ़, लालरिया, लतिफपुर, छापरियाई , चन्दनखेड़ी, नरेला दामोदर, उमारिया, खजूरीराकू, मुडला, लहरपुर, बाबचिया, बरखेडा, हमीदखेड़ी, परवलिया, बरेलाखेड़ा एवं डुंगरिया में जनसपंर्क किया।

## दीवाली पर घोटाले का अंधेरा मिटाएं, विकास का दीपक जलाएं

# कांग्रेस प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी ने कहा भाजपा आई तो पांच साल तक क्षेत्र में रहेगा भ्रष्टाचार का बोलबाला



छतरपुर। छतरपुर के कांग्रेस विधायक एवं प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी ने दीवाली के एक दिन पूर्व नगर के अनेक वार्डों में घर-घर जाकर जनसंपर्क करते हुए जनता से वोट रूपी आशीर्वाद मांगा। विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया ने लोगों को जनसंपर्क के दौरान छोटी दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए उनसे एक मार्मिक अपील भी की है। आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि दीपावली का त्यौहार अंधेरे को मिटाने और सुख समृद्धि व ज्ञान का दीपक जलाने का संदेश देता है। इस दीवाली के साथ पांच साल की तकदीर लिखे जाने का अवसर भी मतदाताओं को मिल रहा है।

उन्होंने क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि वे इस बार क्षेत्र और प्रदेश में फैले कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार, घोटाले और बेरोजगारी के अंधेरे को मिटाने के लिए कांग्रेस रूपी दीपक को प्रकाशित करें। विधायक आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि छतरपुर विधानसभा में पिछले पांच वर्षों में हमने बिना कमीशन और भ्रष्टाचार किए क्षेत्र के लोगों की सेवा की है जबकि भाजपा प्रत्याशी और भाजपा की सरकार ने क्षेत्र और प्रदेश में भ्रष्टाचार और घोटालों को बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस दीपावली पर मप्र में एक नए सोच की सरकार लाने के लिए हम सभी कांग्रेस को अपना आशीर्वाद देकर इस अंधेरे को दूर करने का काम करें। कांग्रेस प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी ने शनिवार को शहर के कई वार्डों एवं बाजार व ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों से कांग्रेस के लिए आशीर्वाद मांगा।

# ब्रह्माकुमारी विश्वनाथ कॉलोनी सुखधाम में दीपों का त्यौहार दीपावली बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



छतरपुर। प्रकाश सभी को अच्छा लगता है प्रकाश में हर चीज अपने सही रूप में दिखाई देती है अंधकार में ठोकर लगने या उसके विकृत रूप में दिखाई देने की भूल हो सकती है दीपावली भी प्रकाश का पर्व है लेकिन यह अपने भीतर के प्रकाश का प्रतीक है बाहर का प्रकाश तो हर हम रोज देखते हैं लेकिन यह पर्व हमें अपने भीतर की जगत के दर्शन करवाता है जब हम अपने परिश्रम व कर्मांता से संगठित रूप में विश्व के कौन-कौन में दिव्या गुणों का प्रकाश फैलाएंगे तभी सही मायने में दिवाली मनाएंगे, कार्यक्रम की शुरुआत आत्म ज्योति का प्रतीक दीपक जलाकर किया गया, छतरपुर क्षेत्रीय प्रभारी ब्रह्माकुमारी शैलजा बहन जी ने बताया हमें सभी से प्यार से व्यवहार करना है जैसा हम अपने घर में पूरी सफाई करते हुए कौन-कौन से गंदगी को निकलते हैं ठीक उसी प्रकार अपने मन के कोने-कोने से सभी बुराइयों को निकालना है अपनी आत्मा रूपी ज्योति में परमात्मा ज्ञान का घी डालते रहना है अपनी आत्मा ज्योति से हर एक आत्म रूपी ज्योति को जगाना है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वनाथ सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी राम बहन ने कहा कि दीपावली पर्व आत्मा की संपन्नता और विकारों पर विजय का यादगार पर्व है इस शुभ अवसर पर हम सभी अपनी अवगुणों की आहुति थी दिव्या गुना का आवाहन करें नए संस्कार रूपी नए वस्त्र धारण कर अपनी कमी कमजोरी रूपी खाते को समाप्त करें, बाहरी सजावट के साथ-साथ अपनी आंतरिक सजावट पर भी ध्यान दें अपने आंतरिक सुंदरता को बढ़ाएं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महालक्ष्मी जी की झांकी का आयोजन किया गया श्री लक्ष्मी जी का महत्व बताते हुए कहा कि श्री लक्ष्मी जी घर में पधारती हैं तो क्यों ना सदा के लिए मन पवित्र रखें जिससे श्री लक्ष्मी जी स्थाई रूप से इस धरा पर पधारे, उक्त कार्यक्रम में संस्था के काफी आध्यात्मिक प्रेम उपस्थित थे सब ने एक दीप जलाकर आने वाले समय में भी आत्मदीप जागृत रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कुमारी प्रीशा, कुमारी एलिस ने दीपावली बधाई गीत पर सुंदर प्रस्तुति दी साथ ही इस पावन पर्व पर बीके माधुरी बहन, बीके रीना बहन, बीके कल्पना बहन ने सभी को दीपावली की बधाई दी।

# बदलते मौसम में बढ़ सकती है निमोनिया की संभावना, स्वास्थ्य विभाग ने की तैयारी

सीहोर। बदलते मौसम में निमोनिया की संभावना बढ़ सकती है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी कर ली है। बदलते मौसम में बच्चों में निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं उसके उपचार एवं प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी की गई हे। निमोनिया के आकलन, निमोनिया का वर्गीकरण, खतरनाक लक्षणों के चिन्हों की पहचान, समुदाय आधारित निमोनिया का प्रबंधन, उपचार एवं रेफरल के संबंध में मैदानी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बदलते मौसम में बच्चों को निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं एसके उपचार एवं प्रबंधन के लिए विभाग तैयार है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की एएनएम को निमोनिया के संबंध जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि सर्दी के मौसम में बच्चों में निमोनिया के केसेस ज्यादा पाए जाते हैं। इसे देखते हुए मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अवगत किया गया है। जिससे कि वह अपने क्षेत्र में निमोनिया के लक्षण वाले बच्चों की शीघ्र पहचान कर शीघ्र प्रबंधन कर सकें। निमोनिया से बचाव एवं जागरूकता के लिए विभाग द्वारा 29 फरवरी तक सांस अभियान संचालित किया जायेगा। निमोनिया फेफड़े का संक्रमण है। जिससे फेफड़ों में सूजन हो जाती है। निमोनिया होने पर बुखार खांसी और सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। तेज सांस चलना या छाती का धंसना निमोनिया के दो मुख्य चिन्ह है। प्रशिक्षण में शिशु रोग विशेषज्ञों द्वारा द्वारा बच्चों में सांस की दर को गिनकर निमोनिया के लक्षणों की पहचान के संबंध में जानकारी दी गई। बच्चों में सांस की गति का ठीक ढंग से आकलन करके निमोनिया को प्रारंभिक अवस्था में ही पहचाना जा सकता है।

## महाकाल मंदिर में दिखी दिवाली की धूम, 2 बार बाबा को लगाया अन्नकूट का भोग,



उज्जैन। महाकाल मंदिर में भक्तों ने दिवाली और रूप चौदस को एक साथ मनाया। महाकाल के आंगन में जलाईं गई फुलझड़ियों ने बाबा को दिव्यता से सजाया। दो बार लगाया गया अन्नकूट का भोग, सुबह 6 से 8 बजे तक भक्तों ने अन्नकूट के दर्शन किए, जिसमें गर्म जल से बाबा का स्नान भी शामिल था। आरती के दौरान मंदिर प्रबंध समिति ने फिर से अन्नकूट का भोग लगाया। दूसरी ओर, इंदौर में भी दिवाली का आनंद उठाया गया। बीजेपी और कांग्रेस के नेता ने लोगों के साथ मिलकर मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना की और शुभ मुहूर्त के साथ दीपावली की पूजा का आयोजन किया। इस मौके पर, भाजपा प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय ने नंदानगर स्थित सहकारी संस्था में मां लक्ष्मी की पूजा की, जिसमें विधायक रमेश मेंदोला भी शामिल थे। इंदौर शहर के हर कोने में रही आतिशबाजी की गूंज ने दिवाली को रंग-बिरंगी चमक से भर दिया है। लोगों ने अपने घरों को दीपों से सजाया और शहर को रोशनी में डाल दिया है। रविवार को शुभ मुहूर्त के साथ, इंदौर का पूरा शहर रोशनी से खिल उठा।

## औद्योगिक उत्पादन सितंबर में 5.8 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन के कारण सितंबर में देश का औद्योगिक उत्पादन 5.8 प्रतिशत बढ़ा। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन सितंबर 2022 में 3.3 प्रतिशत बढ़ा था।

# किस्सा ए आईएएस: 7 गोली खाई, चेहरा और आंख ख़राब हो गई, फिर ऐसे बने आईएएस

सुरेश तिवारी



कोई व्यक्ति कितना ईमानदार हो सकता है, इसका एक पैमाना रिंकू सिंह राही को माना जा सकता है। लेकिन, रिंकू सिंह की इस ईमानदारी ने उन्हें काफी संघर्ष करवाया। जब वे उत्तर प्रदेश सरकार में पीसीएस अधिकारी थे, वे जहां तैनात रहे, उन्होंने गड़बड़ियां पकड़ी। ऐसे ही एक घोटाले को पकड़ने पर उन्हें हमले का शिकार होना पड़ा। उन्हें सात गोलियां लगी, एक आंख की रोशनी चली गई। चेहरा विकृत हो गया। इससे ज्यादा और क्या होगा कि उन्हें पागलखाने तक भेज दिया गया। लेकिन, उन्होंने ईमानदारी की राह नहीं छोड़ी। वे कई छात्रों के आदर्श भी हैं। यूपीएससी की परीक्षा दी और क्लियर भी की। उन्हें यूपी कैडर ही मिला है। यानी अब उनकी ईमानदारी का डंका उनके गृहराज्य में ही बजेगा!

रिंकू को हापुड़ में समाज कल्याण अधिकारी रहते हुए यूपी सरकार द्वारा संचालित आईएएस पीसीएस कोचिंग संस्थान के डायरेक्टर पद पर नियुक्त किया गया था। वहां के छात्रों की जिद और विभागीय मंत्री के जोर देने पर उन्होंने यूपीएससी परीक्षा दी।

उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने '12ह्वद्ध फेल' फिल्म देखने के बाद अपने फेसबुक पर रिंकू को लेकर पोस्ट की है जिसमें उन्होंने रिंकू की ढ्ढस् बनने के संघर्ष की कहानी को साझा किया है। उन्होंने लिखा है कि ऐसी सफलता की कहानी सुनकर हम सब प्रेरित होते हैं क्योंकि इनमें हमें अपने चुनौतियां आसान लगने लगती है। ऐसी ही एक कहानी है रिंकू की।

मंत्री असीम बताते हैं कि मार्च 2022 में जब मुझे समाज कल्याण मंत्री का प्रभार मिला तो रिंकू से फोन पर बात हुई, मुलाकात हुई। रिंकू हापुड़ स्थित राजकीय अनुसूचित जाति ढ्ढस्-क्कष्टस् कोचिंग का संचालन कर रहे थे। हर साल अच्छी संख्या में बच्चों का चयन हो रहा था। क्योंकि रिंकू के कुछ अटेम्प्ट अभी बचे थे।मंत्री बताते हैं कि उन्हें फिर से यूपीएससी में परीक्षा देने का जोर डाला। मेरा छोटा सा धक्का और रिंकू ने एक और अटेम्प्ट दिया। जिसमे इंटरव्यू तक पहुंचे लेकिन कोई सर्विस नहीं अलॉट हुई क्योंकि शायद नंबर कुछ कम रह गए थे।उन्होंने हार नहीं मानी और दोबारा तैयारी की। 2023 के रिजल्ट में यूपी सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कोचिंग के 24 कैंडिडेट सेलेक्ट हुए और उनके गुरु रिंकू भी।

रिंकू के जीवन का सस्पेंस अभी भी बाकी था सबसे पहले सूची में उन्हें इंडियन रिवेन्यू सर्विस कस्टम मिली किंतु कुछ ऐसी संभावनाएं थीं कि सर्विस चेंज हो जाए।

मंत्री असीम ने अपने पोस्ट पर लिखा है कि कुछ महीने सस्पेंस रहा और उसके बाद खुशी और बढ़ गई जब रिंकू को ढ्ढस् आवंटित हुई। खुशी की एक लहर आना अभी और बची थी कि जब हाल ही में 2023 का कैडर अलॉटमेंट हुआ तो रिंकू को यूपी कैडर भी मिल गया।

निश्चित रूप से यह स्टोरी किसी फिल्म से कम नहीं, जो लोग सरकारी सेवाओं के लिए परीक्षा दे रहे हैं या सरकारी सेवक हैं या कहीं भी है, शायद इससे ज्यादा मोटिवेशनल कोई स्टोरी हो नहीं सकती।



### संघर्ष यात्रा

रिंकू के जीवन की संघर्ष यात्रा प्रेरणा देने वाली है। अलीगढ़ के डोरी नगर के रहने वाले रिंकू के पिता शिवदान सिंह आटा चक्की चलाते हैं। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। पिता प्राइवेट स्कूल की फीस देने में सक्षम नहीं थे। इसलिए उनकी पढ़ाई सरकारी स्कूल से हुई। इंटर में अच्छे नंबर आने की वजह से रिंकू को स्कालरशिप मिली। इसके बाद उन्होंने टाटा इंस्टीट्यूट से बीटेक की डिग्री ली और क्कष्टस् 2004 की परीक्षा पास की। 2008 में रिंकू राही पीसीएस ऑफिसर बने और उनकी पहली पोस्टिंग मुजफ्फरनगर में हुई। वहां उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला। 2009 में उन्होंने स्कॉलरशिप और फीस प्रतिपूर्ति के नाम पर करोड़ो रुपए के घोटाले का पता लगाया। जांच के दौरान क़रीब 100 करोड़ के घोटाले का पता चला। उन्होंने इसकी शिकायत की, लेकिन मामले में कोई कार्यवाही नहीं हुई। बल्कि इस कार्रवाई से वे माफिया के निशाने पर आ गए।

मुजफ्फरपुर में रिंकू राही सरकारी आवासीय कॉलोनी में रहते थे। 26 मार्च 2009 को वे अपने सहकर्मी के साथ सुबह बैडमिंटन खेल रहे थे, तभी दो हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। रिंकू को 7 गोलियां लगी। उनकी जान तो बच गई, लेकिन मुंह पर भी गोली लगने से उनका जबड़ा बाहर आ गया। पूरा चेहरा विकृत हो गया जिससे वे कई महीने अस्पताल में भर्ती रहे। कई ऑपरेशन के बाद ठीक होकर वे अस्पताल से बाहर आए। इस हमले में रिंकू की एक आंख की रोशनी चली गई। चेहरे की सर्जरी भी करवाना पड़ी। उन पर हुए हमले में जांच के आधार पर स्ष्ट-स्ञ्ज कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए चार आरोपियों को दोषी करार दिया और 10-10 साल की सजा सुनाई। बाकी चार आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया।

जानलेवा हमले के बाद भी रिंकू नहीं रुके। उन्होंने घोटाला को फिर खोलने के लिए ह्रञ्जढ्ढ के तहत सूचनाएं मांगी। लेकिन, एक साल बाद भी उन्हें सूचनाएं नहीं दी गईं। ऐसे में रिंकू ने 26 मार्च 2012 को लखनऊ निदेशालय के बाहर अनशन शुरू कर दिया। पुलिस ने रिंकू को हिरासत में लेते हुए मेंटल हॉस्पिटल भेज दिया। एक दिन बाद उन्हें पागलखाने से अलीगढ़ के सरकारी अस्पताल में एडमिट कराया गया।

### कई बार मिली ईमानदारी की सजा

रिंकू सिंह राही बेहद ईमानदार अधिकारी हैं। जिसकी सजा उन्हें कई बार मिली। 2015-16 के दौरान जब वे श्रावस्ती में तैनात थे, पोस्टिंग के दौरान 25 हजार रुपए सालाना सरकारी गाड़ी भत्ता दिए जाने की व्यवस्था थी। उन्होंने इसका लाभ नहीं लिया, तो उन्हें 25 हजार रुपए किसी और काम में खर्च करने को कहा गया। लेकिन, रिंकू ने इससे भी इंकार कर दिया। इसके बाद भी उन्हें गाड़ी भत्ता दूसरे कामों में खर्च करने के आरोप में चार्जशीट पकड़ा दी गई।

एक और घटना 2018 में ललितपुर में पोस्टिंग के दौरान हुई। उन्हें स्कूल में शिक्षकों के साथ शोषण के आरोप में एक शिकायती पत्र प्राप्त हुआ था। इसके अलावा हापुड़ में राजकीय ढ्ढस्-क्कष्टस् कोचिंग सेंटर प्रभारी होने के दौरान भी उन पर दो बार फर्जी शिकायत कर आरोप लगाए गए। रिंकू को कई बार सस्पेंड करवाने की धमकियां भी मिली। फिर भी वे ईमानदारी के साथ अपना फर्ज निभाते रहे। अब उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर काफी संघर्ष के बाद क्कस्ष्ट क्लियर किया है। ख़ास बात यह कि उन्हें यूपी कैडर ही मिला है। रिंकू को हापुड़ में समाज कल्याण अधिकारी रहते हुए यूपी सरकार द्वारा संचालित आईएएस पीसीएस कोचिंग संस्थान के डायरेक्टर पद पर नियुक्त किया गया। वहां के छात्रों की जिद और विभागीय मंत्री के बार बार जोर देने पर उन्होंने यूपीएससी परीक्षा दी। छात्रों की प्रेरणा से ही उन्होंने यूपीएससी परीक्षा पास की और आज ढ्ढस् बन गए।

# भाजपा के रूठे नेताओं पर दिग्विजय सिंह का दांव, ग्वालियर और श्योपुर में कई भाजपा नेताओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

ग्वालियर। मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनावी समर के आखिरी चरण के प्रचार के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह उर्फ दिग्गी राजा ग्वालियर-चंबल में एक अलग ही मिशन पर निकले हैं। वह यहां भाजपा के रूठे नेताओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलाकर भाजपा में सेंध लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

तीन दिन पहले श्योपुर के प्रवास के दौरान उन्होंने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व दो बार के नगरपालिका अध्यक्ष रहे भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दौलतराम गुप्ता और जनपद अध्यक्ष रीना मीणा को कांग्रेस को शामिल कराया। गुरुवार को ग्वालियर के एक कार्यक्रम में पूर्व विधायक और भितरवार क्षेत्र में प्रभाव रखने वाले बृजेंद्र तिवारी को पाला बदल करा दिया।

### सभी आठों जिलों में भाजपा के रूठे नेताओं पर नजर

तिवारी इस बार भाजपा से टिकट मांग रहे थे, लेकिन पार्टी ने सिंधिया समर्थक मोहन सिंह राठौड़ पर मैदान में उतार दिया है। दिग्विजय ही नहीं, कांग्रेस की एक पूरी टीम संभाग के सभी आठों जिलों में भाजपा के ऐसे रूठों पर पैनी नजर गड़ाए हुए हैं, जो मतदान से पहले कांग्रेस में शामिल होकर कांग्रेस का हाथ थाम लें। टीम जब ऐसे नेताओं को खोज लेती है तो वह दिग्विजय सिंह और कमल नाथ से उनकी बात कराती है। ऐसे नेताओं को कांग्रेस में पूरा मान-सम्मान देने के साथ कांग्रेस की प्रदेश में सरकार बनने पर एडजस्ट करने का भी भरोसा दिलाया जा रहा है।



भोपाल में दिग्विजय सिंह गोविंदपुरा के प्रत्याशी रविंद साहू के साथ प्रचार पर निकले।

### एक-एक सीट पर होमवर्क

कांग्रेस ने ग्वालियर-चंबल और मप्र के हिस्से वाले बुंदेलखंड की 38 सीटों के अलावा प्रदेश की ऐसी सीटें चिह्नित कर रखी हैं। जहां से पार्टी जीत दर्ज कर सकती है। जहां भाजपा में उपजे असंतोष का लाभ लिया जा सकता है। इसी रणनीति के तहत ग्वालियर जिले में सबसे पहला झटका केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को दिया।उनके साथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायक मदन कुशवाह को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के मंच लाकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई गई। हालांकि भाजपा ने मदन कुशवाह को पूरा सम्मान दिया था। उन्हें संगठन में प्रदेश मंत्री का दायित्व सौंपा था किंतु मदन कुशवाह की महत्वकांक्षा एक बार फिर चुनाव लड़ने की थी। कांग्रेस ने इस दांव से कुशवाह समाज के वोटों को साधने का प्रयास किया है।इसी तरह पूर्व विधायक बृजेंद्र तिवारी की राजनीतिक शिक्षा-दीक्षा समाजवाद के पाठ्यक्रम से हुई है। भितरवार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक रह चुके हैं। तिवारी की इच्छा 2018 में भी भितरवार से चुनाव लड़ने की थी किंतु पार्टी ने पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा को टिकट थमा दिया था।उस समय भी उन्होंने सार्वजनिक रूप से नाराजगी जाहिर की थी। इस बार उन्होंने किसान व ब्राह्मण समाज का सम्मेलन कर भितरवार से टिकट की दावेदारी की थी। पार्टी ने उनकी नाराजगी को नजर अंदाज कर दिया। गुरुवार को दिग्विजय सिंह के सामने तिवारी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। दिग्विजय सिंह का शुक्रवार को भिंड का प्रवास रद हो गया।

# विधानसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी का भोपाल में रोड शो आज, आखिरी समय में कांग्रेस झोंक सकती है पूरी ताकत

भोपाल। विधानसभा चुनाव की तारीखों के क़रीब पहुंचते हुए, सभी प्रमुख पार्टियों के नेता चुनावी सभा में अपनी रैलियों को बढ़ावा दे रहे हैं। भाजपा के केंद्रीय नेताओं के प्रदेश भ्रमण के साथ-साथ, कांग्रेस के बड़े नेता राहुल गांधी भी भोपाल में आज रोड शो का आयोजन करेंगे। इस दौरान, वे भोपाल दक्षिण पश्चिम, भोपाल उत्तर, और भोपाल मध्य विधानसभा क्षेत्रों से रोड शो करेंगे, जैसा कि 2018 के विधानसभा चुनावों में किया गया था। आपको बता दें की राहुल गांधी की चुनावी रैली का आयोजन भोपाल में हो रहा है, जहां वे चुनावी उत्साह को बढ़ा रहे हैं और भाजपा पर लगातार अक्रमण कर रहे हैं। राहुल गांधी ने अपने भाषण में सुनिश्चित किया कि उनका संदेश चुनावी मैदान में ही नहीं पूरे प्रदेश तक पहुंचना चाहिए।मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के चलते, भाजपा और कांग्रेस में मुद्दों पर तनातनी है। दोनों पक्षों ने अपने-अपने मुद्दों को बड़े उदाहरण सहित दिखा रहे हैं और एक दूसरे पर हमला बोल रहे हैं।



### चौहान की चेतावनी-मामा का बुलडोजर तैयार है

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस को चेतावनी दी है कि वे वोट के लिए लोगों को धमकाएंगे, तो मामा का बुलडोजर तैयार है। उन्होंने यहां तक कहा कि कांग्रेस ने उनकी सभी योजनाओं को बंद कर दिया है। चुनावी महौल में उच्च उत्साह और दोनों प्रमुख पार्टियों के नेताओं के बीच तनातनी दिखाती हुई इस घड़ी में, राहुल गांधी की चुनावी रैली ने चुनावी संघर्ष में नई ऊर्जा और उत्साह डाला है।

# मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार के अंतिम तीन दिन, प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

इंदौर। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए प्रत्याशियों के पास अंतिम तीन दिन बचे हैं। सभी प्रत्याशियों ने अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार पर पूरी ताकत झोंक दी है। प्रचार 15 नवंबर की शाम से बंद हो जाएगा।

इसके पहले भाजपा कार्यकर्ताओं, नेताओं और प्रत्याशियों को 14 नवंबर को आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड़ शो की तैयारियों में जुटना है। वहीं कांग्रेसियों को 15 नवंबर को संभावित राहुल गांधी के रोड़ शो में लगना है। ऐसी स्थिति में प्रत्याशियों के पास प्रचार के लिए बहुत ही कम समय बच रहा है।

प्रत्याशियों के सामने कम से कम समय में ज्यादा से ज्यादा क्षेत्र तक पहुंचने की चुनौती भी है। ग्रामीण विधानसभा सीटों के प्रत्याशियों के सामने तो अलग ही चुनौती है। महू विधानसभा सीट के क्षेत्र में कम से कम 50 गांव ऐसे हैं जो पहाड़ी क्षेत्र में बसे हैं। इन गांवों तक पहुंचना प्रत्याशियों के लिए मुश्किल भरा है। इसी तरह सांवेर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र होने से असमंजस बना रहता है।

14 नवंबर की शाम बड़ा गणपति से शुरू होकर राजवाड़ा तक निकलने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड़ शो के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अलग-अलग टोलियां बना दी हैं। इन टोलियों को स्वागत, साज सज्जा से लेकर अन्य व्यवस्थाएं सौपी गई हैं। भाजपा के नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने बताया कि रोड़ शो में इंदौर के सभी भाजपा प्रत्याशी शामल होंगे। रोड़ शो की तैयारियों को लेकर लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। सोमवार दोपहर भी इसे लेकर एक बड़ी बैठक होगी।

प्रधानमंत्री के रोड़ शो को ज्यादा से ज्यादा विधानसभा क्षेत्रों से निकालने की योजना तैयार की जा रही थी। पहले इस रोड़ शो दस किमी से ज्यादा लंबा था लेकिन बाद में इसे छोटा कर दिया गया।

## इंदौर में हाई कोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव के लिए अब बढ़ेगा जनसंपर्क

इंदौर। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के 22 नवंबर को होने वाले वार्षिक चुनाव के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। नाम वापसी की अंतिम तिथि गुजरने के बाद मुकाबले की स्थिति भी स्पष्ट है। अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं।

ये तीनों ही पूर्व में एसोसिएशन के पदाधिकारी रह चुके हैं। इसी तरह सचिव पद पर भी तीन प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। इसके अलावा सह सचिव और उपाध्यक्ष पद पर भी रोचक मुकाबला देखने को मिलेगा।मुख्य निर्वाचन अधिकारी और पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता मनोज द्विवेदी के अनुसार निष्पक्ष मतदान और मतगणना के दौरान पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। 22 नवंबर को सुबह 11 बजे मतदान शुरू हो जाएगा जो शाम 5 बजे तक चलेगा।इधर अब तक इंटरनेट मीडिया के माध्यम से जनसंपर्क कर रहे प्रत्याशियों ने अब व्यक्तिगत जनसंपर्क शुरू कर दिया है। दीपावली पर्व के बाद इसमें तेजी आएगी। बताया जा रहा है कि बहुत जल्दी कुछ प्रत्याशी दीपावली मिलन समारोह भी आयोजित करने वाले हैं। इसकी कार्ययोजना तैयार हो भी चुकी है।

# कमलनाथ ने कसा मुख्यमंत्री पर तंज, अच्छे एक्टर हैं शिवराज, नहीं होंगे बेरोजगार




निवाड़ी। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ शनिवार को निवाड़ी जिले में पहुंचे। वहां उन्होंने अपने निवाड़ी विधानसभा और पृथ्वीपुर विधानसभा के प्रत्याशियों के लिए एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया।यहां उन्होंने सीएम शिवराज सिंह चौहान पर जोरदार तंज कसा।

उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड आते हुए एक बात का बहुत दुख होता है, मैं केंद्र में मंत्री था और कांग्रेस की सरकार थी। हमने आठ हजार करोड़ का बुंदेलखंड पैकेज बनाया, आठ हजार करोड़ रुपये मध्यप्रदेश भेजे। लेकिन यह बुंदेलखंड पैकेज तो नहीं रहा, बुंदेलखंड घोटाला बन गया। आठ हजार करोड़ में से किसी को कौड़ी भर का भी फायदा नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश बेरोजगारी में नंबर वन है, एक करोड़ नौजवान बेरोजगार घूम रहे हैं। सीएम शिवराज सिंह हर 10 महीने में घोषणा करते हैं, एक लाख नौजवानों को रोजगार दूंगा, पर शिवराज सिंह की नीति तो छोड़िए उनकी नियति ही खराब है। किस तरह उनकी घोषणा की मशीन चलती है, ढाई हजार घोषणा उन्होंने पांच महीने में किए। आज पांच महीने में घोषणा मशीन डबल स्पीड पर चलने लग गई। झूठ की मशीन डबल स्पीड पर चलने लग गई, शिवराज सिंह ने दिया क्या है नौजवानों को महंगाई दी, बेरोजगारी दी, उन्होंने चौपट अर्थव्यवस्था दी, उन्होंने बलात्कार दिया और घर-घर में शराब दी।

कमलनाथ ने कहा, कांग्रेस की 15 महीने की सरकार में मेरे पास साढ़े ग्यारह महीने थे। मैंने नीति नीयत का परिचय दिया, हमने 27 लाख किसानों का कर्जा माफ किया। कौन सी गलती की मैंने, और पहली किस्त में 27 लाख किसानों का कर्जा माफ किया। टीकमगढ़ जिले में साठ हजार किसानों का 172 करोड़ का कर्जा माफ किया। फिर से हमारी सरकार आएगी, हम फिर से आपका कर्जा माफ करेंगे यह मेरा वचन है।

पूर्व सीएम ने कहा, हमने तो तय किया है कि गेहूं के लिए 2600 रुपये हम लोग देंगे। क्योंकि किसानों की आर्थिक मजबूती बने। मैंने कौन सी गलती की, मैंने सौ मैं सौ यूनिट बिजली दी। आज जाकर बिजली का बिल देखिएगा। फिर से 34 दिन बाद हमारी सरकार आएगी, हम आपको 100 यूनिट मुफ्त देंगे और 200 यूनिट हाफ देंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने के बाद महिलाओं को 1500 रुपये देंगे, साथ ही गैस सिलेंडर पांच सौ रुपये में देंगे।

उन्होंने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि यहां विकास किस चीज का हुआ है, बेरोजगारी का कमीशन का घोटाले का। जब तक आप उनके नेताओं को बेरोजगार नहीं करेंगे, तब तक आपकी बेरोजगारी दूर नहीं होगी। उन्होंने शिवराज सिंह पर कहा कि शिवराज के कान नहीं चलते आंख नहीं चलती मुंह बहुत चलता है। शिवराज सिंह जी मुंह चलाने और प्रदेश चलाने में बहुत फर्क है।

उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह का समय आ गया है, आपके पास पांच दिन बचे हैं। आपको बड़े प्यार से विदा करेंगे। घर बैठिए शिवराज सिंह को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे तो क्या हुआ बहुत अच्छे एक्टर हैं। मुंबई जाएंगे ऐक्टिंग करेंगे, मध्यप्रदेश का नाम रोशन करेंगे। शिवराज सिंह आप परेशान मत होइए, मुंबई का रास्ता आपके लिए खुला है।

## मप्र में दो गुना बढ़ा पॉल्यूशन, दिवाली में जहरीली हुई हवा, खुलकर सांस लेने लायक नही

भोपाल। मध्यप्रदेश में दिवाली के बाद कई शहरों में हवा सांस लेने लायक नहीं बची है। दिवाली के बाद एक बार फिर एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया है। सीपीसीबी के मुताबिक, भोपाल में एक्यूआई 134 बना हुआ है। सबसे ज्यादा खराब हालत ग्वालियर, भोपाल और जबलपुर की है। बता दें, राजधानी भोपाल में लगातार 10 दिनों से त्तद्ब खराब कैटेगरी में बना हुआ है। जबकि प्रदेश के बाकि शहरों की भी हालात ठीक नहीं। जबलपुर में 139 एक्यूआई बना हुआ है, ग्वालियर 147 बना हुआ है। दिवाली की रात प्रदेश में पटाखे इतने फोड़े गए कि पूरे प्रदेश में प्रदूषण का स्तर दो गुना बढ़ गया।

आज सुबह प्रदूषण इतना रहा-

भोपाल- 134
जबलपुर- 139
ग्वालियर- 147
इंदौर- 213
उज्जैन- 170

कितना होना चाहिए एक्यूआई

एक्यूआई 0-50 के बीच होने पर हवा को शुद्ध माना जाता है। जबकि एक्यूआई 51-100 के बीच होने पर क्वॉलिटी संतोषजनक माना जाती है। एक्यूआई101-200 के बीच मध्य एक्यूआई 201 से ज्यादा को खराब माना जाता है। एक्यूआई 301 को बेहद खराब और एक्यूआई 401 के पार पहुंचने पर हालात गंभीर मानी जाती है।



एयर पॉल्यूशन से होने वाली बीमारी से ऐसे बचें खुद को एयर पॉल्यूशन से होने वाली बीमारी से बचाने के लिए अपनी डाइट में विटामिन-ष्ट वाले फ्रूट, सब्जियों में रूट वेजिटेबल, फूडग्रेन, दूध, केसर और लहसुन-अदरक शामिल करें। इससे हम अपने शरीर पर एयर पॉल्यूशन के खतरे को कम कर सकते हैं।

## दीपावली की आप सभी को हार्दिक बधाई शुभकामनायें

*गोविन्द चौरसिया,*
*के.आर.दुबे,*
*सचिन चौरसिया,*
*राजेश डेहरिया,*
*शकील मंसूरी,*
*सुभाष डोंगरे*




बालाजी
मीडिया सर्विस,
3-4 प्रेस काम्पलेक्स, छिंदवाड़ा
ई मेल-chw.jan@gmail.com
9425146595, 9425346762


# नोटों से सजा श्री बड़ी माता मंदिर

### 12 करोड़ के मंदिर के लिए बन चुका फाउंडेशन



छिंदवाड़ा। दीपावली पर नगर के श्री बड़ी माता मंदिर को नोटो से सजाया गया है। मंदिर सजाने के लिए 5 से लेकर 500 तक नोट उपयोग में लाए गए हैं। मंदिर को दीपावली पर महालक्ष्मी स्वरूप देने के लिए यह पहल मंदिर के सेवादार गौरव सोनी और उनकी टीम ने यह पहल की है। मंदिर अपने इतिहास में पहली बार इस तरह नोट से सजा है।

श्री बड़ी माता का पंडित नित्य श्रंगार करते हैं। विशेष अवसरों पर मंदिर को यह स्वरूप दिया जाता है नवरात्र के 9 दिनों में विशेष श्रंगार के दर्शन में नारियल, आम, केला, लौंग, इलायची, हल्दी, गुलाब, गेंदा, बिंदी, स्वर्ण रजत श्रंगार के दर्शन नगरवासी कर चुके हैं। मंदिर समीति ने महालक्ष्मी पूजा के महापर्व पर श्री बड़ी माता मंदिर को ही भारतीय मुद्रा के प्रचलित नोअ से सजा दिया है। करीब तीन लाख रूपया इसमें उपयोग किया गया है। खास बात यह है कि माता के मंदिर का प्लेटफार्म, सीलिंग, दीवार को नोट से सजाया गया है। नोट से ही मंदिर सजावट के लिए विशेष फूल तैयार किए गए हैं। समीति के अध्यक्ष संतोष सोनी और मीडिया प्रभारी गौरव सोनी ने बताया कि दीपावली के अवसर पर श्री बड़ी माता का भारतीय मुद्राओं से यह विशेष श्रंगार किया गया है। पिछले दो वर्षो से लगातार हर तीज त्यौहार में मातारानी के विशेष श्रंगारों से माता का भवन अलंकृत किया जाता रहा है। दीपावली पर मंदिर के बाद गर्भग्रह को विशेष नोटों की श्रंखलाओं से शुशोभित किया गया है जिसमें बड़ी माई के संरक्षक सेवादार चंद्रभूषण सदाफल ने उनके जन्मदिन के अवसर पर मंदिर को नोटों से सुसज्जित कराया है। उन्होने अपने जन्म दिवस को विशेष बनाने का गर्भग्रह को 1,2,5 और चलित 10,20,50,100 के नोटों की नवीन श्रंखलाओं से मंदिर को सुसज्जित किया गया है। उन्होने इन नोटों को मंदिर निर्माण के लिए दान दिया है।

### लक्ष्मी जी के पूजन के बाद आतिशबाजी की गई

दीपावली पर्व पर मंदिर में देवी जी की आरती के बाद श्री लक्ष्मी माता का विशेष पूजन पाठ के बाद आतिशबाजी की गई गौरतलब है कि करीब 12 करोड़ की लागत से यहां माता का नया भव्य मंदिर तैयार किया जा रहा है। मंदिर निर्माण के लिए फाउंडेशन तैयार हो चुका है।

## चुनाव में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों ने डाक मतपत्र से डाला वोट



**अमरवाड़ा।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 123,अमरवाड़ा में चुनाव में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा डाक मतपत्र से वोट डालना निरंतर जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरवाड़ा के मॉडल स्कूल परिसर में तैनात 1467 अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा 8 नवंबर से 11 नवंबर तक वोट डलवाई जानी है ताकि मतदान की तिथि में चुनावी प्रक्रिया सही तरीके से आला अधिकारी और कर्मचारी करा सकें। शुक्रवार को कर्मचारियों के अलावा अनु विभाग अमरवाड़ा अंतर्गत पुलिसकर्मियों ने भी डाक मत पत्र के माध्यम से वोट डाला। इस मौके पर अमरवाड़ा एसडीओपी रविंद्र मिश्रा ने भी डाक मतपत्र से वोट डाला। पोस्टल बैलट के सहायक प्रभारी एनपी परतेती ने जानकारी देते हुए बताया कि तैनात 1467 अधिकारियों और कर्मचारियों में से स्वास्थ्य विभाग और ऑब्जर्वर से 7, पुलिस विभाग से 9 और कर्मचारियों में 320 डाक मतपत्र के माध्यम से वोट डाले गए हैं। वहीं सभी तैनात कर्मियों से मतपत्र के माध्यम से वोट डालने का काम आज भी निरंतर जारी रहेगा।

## पुलिस ने सहपानी गांव में पकड़ी तीन पेटी देशी शराब



**परासिया।** पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन अनुविभागीय पुलिस अधिकारी जितेंद्र सिंह जाट के मार्गदर्शन में थाना रावनवाड़ा 13.30 बजे ग्राम सहपानी में मुखबिर सूचना पर रेड कार्यवाही करते हुए आरोपी हरिश्चंद्र पिता टम्मन यदुवंशी उम्र 55 वर्ष निवासी सहपानी के गन्ने के खेत से तीन पेटी लाल देशी शराब की पेटियां पकड़ी है। कुल 135 पाव लाल देशी शराब 24 लीटर कीमत 9450 रूपये की जप्त की गयी है।। आरोपी हरिशचंद्र यदुवंशी ने बताया कि गाँव के ही रामदयाल उर्फ मिट्ठू ने दिनांक 08.11.23 को शराब की पेटियां लाकर खेत में छुपाकर रखने को कहकर दिया कि जरूरत पड़ने पर ले जाऊंगा,बताया था। उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1),42 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस टीम में उनि एकता सोनी थाना प्रभारी रावनवाड़ा के साथ , सउनि प्रमोद दीक्षित, आरक्षक मयंक रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## अंगद सिंह रघुवंशी कांग्रेस से निष्कासित

छिन्दवाड़ा। ग्राम थोटा माल (बिछुआ) निवासी अंगद सिंह रघुवंशी को कांग्रेस की अनुशासन समिति ने संगठन विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से कांग्रेस से निष्कासित कर दिया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार अंगद सिंह रघुवंशी जिला कांग्रेस में महामंत्री पद पर नियुक्त थे। उन्हें संगठन द्वारा दो बार अनुशासन हीनता किये जाने से अवगत कराया गया परन्तु संगठन के आदेशों की लगातार अवहेलना करने पर समिति ने उन्हें कांग्रेस व उन्हें प्राप्त पदों से निष्कासित कर दिया है।

## हाथ भट्टी महुआ शराब का परिवहन करते पकड़ा



अमरवाड़ा। अमरवाड़ा में मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम सोनपुर तरफ से मो.सा. क्रमांक स्क्ष्28 ह्क्ष्0613 में भारी मात्रा में अवैध शराब लाई जा रही है कि सूचना प्राप्त होने पर मौके पर पहुंचकर रेड कार्यवाही की गई। जो मो.सा. क्रमांक स्क्ष्28 ह्क्ष्0613 पर आरोपी अवधेश पिता श्यामलाल मेहरा उम्र 32 साल निवासी थाना हर्रई एवं आरोपियां सरिता पति देवन्द्र डेहरिया उम्र 37 साल निवासी सोनपुर थाना अमरवाड़ा के अवैध रूप से हाथ भट्टी महुआ शराब का परिवहन करते पकड़े गये। आरोपियों के कब्जे से 60 लीटर हाथ भट्टी महुआ की अवैध कच्ची शराब कीमती 6000 रूपये की एवं मो.सा. क्रमांक स्क्ष्28 ह्क्ष्0613 जप्ती की गई। आरोपीगणों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना अमरवाड़ा पुलिस स्टाफ निरीक्षक राजेन्द्र धुर्वे थाना प्रभारी अमरवाड़ा, उपनिरी. राजेन्द्र सिंह बघेल, सउनि सुभाष तिवारी, प्र.आर. 531 जयसिंह बघेल, आर.152 यशवंत परते, म.आर. 584 राजकुमारी बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# हर्रई में कमलनाथ की अब तक की सबसे विशाल जनसभा



छिन्दवाड़ा। मैं जब भी अपने छिन्दवाड़ा के इतिहास और विकास को लेकर सोचता हूं बीते 42 वर्षो के सारे चित्र आंखों के सामने आ जाते हैं, कैसे थे वो दिन और हम कैसे अपना जीवन काट रहे थे। सब कुछ पारम्परिक था और हम प्रकृति पर ही निर्भर थे तब हमने आपस में अपने सपने बांटे, अपने संसाधनों की शक्ति को जाना, अपनी खुद की ताकत को पहचाना और आज धीरे-धीरे चलते हुये हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं कि लोग आश्चर्य से कहते हैं कि क्या ऐसा हो सकता है, दुनिया इतनी बदल सकती है वो पातालकोट जिसका दुनिया से सम्बंध नहीं था, आज पूरी दुनिया उस पातालकोट से सम्बंध रखती है।

उक्त उदगार आज प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के हर्रई नगर में आयोजित विशाल जनसभा में व्यक्त किये। सम्पूर्ण आदिवासी अंचल के प्रत्येक ब्लॉक और ग्रामों से सभा में उपस्थित हुये अपार जनसमूह ने स्वयं इस बात की गवाही दी कि कमलनाथ के राजनैतिक जीवन की यह हर्रई क्षेत्र की सबसे बड़ी जनसभा है, जहां उपस्थित हजारों हजार लोगों ने एक स्वर में हमारा सी.एम, कैसा हो- कमलनाथ जैसा हो के नारों से समूची वादियों को गुंजित कर दिया। भावनाओं से भरे कमलनाथ ने इस अवसर अपना भाषण नहीं बल्कि अपनी दिल की किताब के सारे पन्ने खोलकर रख दिये, उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने आप से यह वादा किया था कि वे अपने जिले के आदिवासी भाइयों की तकदीर और आदिवासी अंचल की तस्वीर दोनों ही बदलेंगे और क्षेत्रवासियों के प्यार, विश्वास और तब से लेकर अब तक के आदिवासी नेताओं के सुझाव और दादा गुरूओं के आशीर्वाद से हर्रई, अमरवाड़ा, बटका, तामिया की अलग पहचान बनी परन्तु यह रास्ता अभी अधूरा है, हमारी मंजिल अभी भी दूर है, हम सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, कृषि क्षेत्र में भले ही आत्मनिर्भर होते जा रहे हैं परन्तु कुछ कमियां अभी भी बाकी है जिसे मिलकर पूरा करना होगा।

## रोटरी क्लब ऑफ प्राइड स्वच्छता कर्मियों के बीच मनाई दीपावली पर बांटी खुशियां



छिंदवाड़ा। रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा प्राइड द्वारा 11 तारीख सुबह 6.30 बजे नगर निगम श्राठी माता मंदिर के पीछे नगर निगम पालिका में स्वच्छता कर्मचारियों को स्वच्छता गाड़ी लाने वाले कर्मचारियों को मिठाई बाटी गई एवम उन्हें दिवाली की बधाई दी गई।ये स्वच्छता कर्मी उ 365 दिन काम करने के लिए और हमारे घरों से कचरा उठाने के लिए धन्यवाद दिया गया।सच्चे स्वच्छता दूत यही लोग है इसी लिए हम लोग इनके बीच दीपावली की खुशी बाट रहे है।इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष नीलम डोड़नी कोषाध्यक्ष निधि अग्रवाल, सचिव अंजली नायक सहित अन्य मेंबर्स उपस्थिति रही।

# भाजपा सरकार का मतलब 5 साल मुफ्त अनाज




**छिंदवाड़ा।** प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने का मतलब है अगले 5 वर्ष और गरीबों को मुफ्त मिलना। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना गरीबों की जरूरत है. आज देश के 81.35 करोड़ लोगों को इसका फायदा मिल रहा है। कांग्रेस चाहें कितनी भी हाय तौबा मचाए लेकिन गरीबों का भरण पोषण करने की जिम्मेदारी भाजपा सरकार ने ली है और सरकार सफलता के साथ इसका निर्वहन कर रही है। यह बात भाजपा ज़िला अध्यक्ष और छिंदवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने जनसंपर्क के दौरान मतदाताओं से कही।

भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने शनिवार को शहर के वार्ड क्र. 2,12,15, 28, एवं 1 में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान नगर वासियों ने जगह जगह श्री साहू का तिलक लगाकर एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया।मतदाताओं से संवाद के दौरान भाजपा प्रत्याशी ने कहा की भाजपा सरकार लगातार गरीबों, पिछड़ों और दलितों की स्थिति में सुधार लाने की दिशा में प्रभावी कदम उठा रही है। दर्जनों ऐसी योजनाएं हैं जिनका सीधा फायदा इन वर्गों के लोगों तक पहुंच रहा है और इनके जीवन स्तर और रोजमर्रा की ज़िंदगी में सकारात्मक बदलाव दिख रहे हैं। इन्हीं में से एक योजना है प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना। इस योजना को अगर देश की आधी आबादी से ज्यादा के लिए भरण-पोषण की योजना कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। कहने के लिए तो ये एक खाद्य सुरक्षा कल्याण योजना है लेकिन आज 81.35 करोड़ लोगों को इसका फायदा मिल रहा है।

छिंदवाड़ा में और अधिक विकास के लिए अब हमें छिंदवाड़ा का स्थानीय विधायक होना आवश्यक है जो छिंदवाड़ा की समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर सके। भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के साथ डॉ. मृणाल शेखर, पूर्व निगम अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिगलानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, रोहित पोफली, भाजपा नेता संतोष राय, दारा जुनेजा, भारत घई, पीताम्बर डोडानी, विकास राय, मोहम्मद राशिद, मुकेश धुर्वे, तरूण किनड़ा, पार्षद श्रीमती शोभना संतोष राय, श्रीमती पूर्णिमा मालवी, विशाल शर्मा, पिंकी गुगनानी, माईकल पहाड़े, राहुल उईके, अभिषेक राय, अरूण गद्रे, संजय साहनी, सचिन मक्कड़, अमित गुप्ता, अनिल रघुवंशी, विजय नामदेव, राहुल सूचक, संदीप बत्रा, राकेश अग्रवाल, अनिल साहनी, अर्पण मैद, बिट्टू मंडराह, पुरूषोत्तम भार्गव, समीर श्रीवास्तव, समीर उईके, सुनील मालवी, नौशाउद्दीन, कमरूद्दीन, समीरूद्दीन चानू, लक्की पाल, कुशल शुक्ला, बबलू पांडे, जस्सी भाई, संदीप मालवी, संजय मालवी, नरेन्द्र अग्रवाल, भुनेश परानी, राहुल भट्ट, राहुल ठाकुर, रूपेश कैथवास, कुशल शुक्ला, नरेन्द्र जैन, रविन्द्र बारस्कर, नितिन मरकाम, राजेश पटेल, रितेश राय, ओमप्रकाश शर्मा, निन्ना शुक्ला, सोनू मालवी, मनीष रघुवंशी, पुरूषोत्तम शर्मा, विकास वर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित रहे ।

## ध्वजारोहण से हुआ 2550 वें निर्वाण महोत्सव का शुभारंभ

### मंगल कलश स्थापना कर श्री महावीर पंचकल्याणक विधान में लिया हिस्सा



**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा सहित सम्पूर्ण विश्व की सकल जैन समाज कल कार्तिक कृष्ण अमावस्या सोमवार 13 नवंबर के शुभ दिन विविध अनुष्ठानों के साथ अहिंसा के प्रणेता एवं जियो और जीने दो के उदघोषक शासन नायक 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान का 2550 वां निर्वाण महोत्सव एवं उनके मुख्य गणधर गौतम स्वामी का केवलज्ञान मनावेगा।

## शासकीय सेवकों व अति आवश्यक सेवा वाले मतदाताओं के लिये 13 से 15 नवम्बर तक डाक मतपत्र मतदान केन्द्र की सुविधा

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज पुष्प के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिन शासकीय सेवकों व अति आवश्यक सेवा वाले मतदाताओं को निर्वाचन कार्य के लिये नियोजित किया गया है और उनके द्वारा डाक मतपत्र के लिये प्रारूप- 12 व प्रारूप- 12 घ में आवेदन प्रस्तुत किया गया था, उनके द्वारा 8 से 11 नवम्बर 2023 तक संबंधित विधानसभा के प्रशिक्षण स्थल में फैसिलिटेशन सेन्टर मे मतदान किया गया है । जो मतदाता इन तिथियों में मतदान नहीं कर पाये हैं, उनके लिये 13 से 15 नवम्बर 2023 तक डाक मतपत्र मतदान केन्द्र की सुविधा प्रदान की गई है जिसका लाभ संबंधित मतदाता ले सकते हैं संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस श्री सिध्दार्थ पटेल ने बताया कि डाक मतपत्र मतदान केन्द्र की सुविधा के अंतर्गत अन्य जिले के मतदाता जो छिन्दवाडा जिले में पदस्थ हैं और ऐसे सभी मतदाता जिनके डाक मतपत्र उनके जिले से प्राप्त हुये हैं, वे सभी शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दवाड़ा में 13 से 15 नवम्बर 2023 तक प्रातः 8 से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकते हैं ।


## दशहरा मैदान में बनाई जाएगी मतदान जागरूकता का संदेश देती विशाल आकार की रंगोली

### 15 नवम्बर को आमजन के बीच होगी प्रदर्शित



**छिंदवाड़ा।** साहित्य, संगीत, संस्कृति को समर्पित ज़िले की संस्था युवा प्रतिभा प्रोत्साहन मंच छिंदवाड़ा द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप प्लान के अंतर्गत विशालकाय रंगोली चित्र का निर्माण स्थानीय दशहरा मैदान में दिनाँक 14 नवम्बर 2023 से किया जावेगा जो कि 15 नवम्बर 2023 को आमजन दर्शकों के बीच प्रदर्शित की जावेगी। इस सन्दर्भ में अधिक जानकारी देते हुए युवा प्रतिभा प्रोत्साहन मंच के पदाधिकारियों ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था के ललित कला विधा समन्वयक अभिषेक चौकसे के निर्देशन में ज़िले की ललित कला विधा से जुड़ी प्रतिभाओं प्रतीक उईके, तरूण डेहरिया, रितिका बन्देवार, मयूर पवार, कृति बेले द्वारा विशालकाय आकार की रंगोली चित्र का निर्माण किया जावेगा। जो कि आगामी मतदान दिवस 17 नवम्बर को देश प्रदेश के नागरिकों से शत् प्रतिशत मतदान की अपील का संदेश प्रेषित करेगी।

# हर्षोल्लास से मनाई गई दीपावली







छिंदवाड़ा। रोशनी का पर्व दीपावली धूमधाम और श्रद्वाभाव से मनाई गई। मां लक्ष्मी के इस पर्व पर हर घरों में त्यौहार श्रद्वाभाव से मनाने साफ सफाई की गई है। घरों को आकर्षक रूप से सजाने रंगबिरंगी लाईटे भी अभी से लगने लगी है। हर घर और आंगन दीयों की रोशनी से जगमगाएं । घरों में आकर्षक लाईटिंग की गई है। मां लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना के बाद उत्साह और उमंग के साथ हर घरों में फटाके फोड़े गये और शहर फटाकों की आवाज से गूंज उठा। इस दिन मंदिरों के अलावा शहर और अंचलों के प्रत्येक घर में भगवान गणेश, लक्ष्मी जी, व कुबेर का पूजन धन संपदा सुख शांति व समृद्धि की कामना की गई और शहर के मंदिरों में भी विशेष अनुष्ठान किए गये। शहर में परमसंतोष लक्ष्मी नारायण मंदिर में दीपावली के दिन मंत्रोच्चार के साथ पूजन अनुष्ठान किये। श्री गणेश पूजन, भगवान लक्ष्मी नारायण का अभिषेक कर नए वस्त्रों का श्रंगार किया इसके बाद पंडितों के द्वारा लक्ष्मी श्रोत पाठ और शाम को भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं शहर के विभिन्न मंदिरों में दीपावली के दिन विविध अनुष्ठान किये गये। मंदिरों को आकर्षक रोशनी से सजाया जा रहा है। इस तरह मंदिरों में दीपोत्सव बड़े उत्साह और उमंग से मनाया शहर के विवेकानंद कालोनी, नोनिया करबल, लालबाग, छोटी बाजार चौड़ा बाबा,नोनिया करबल अनगढ़ हनुमान मंदिर, आदि स्थानों पर सुबह पूजा अर्चना कर मंदिर रोशनी से जगमगाये शहर के छोटी बाजार राममंदिर को रोशनी से सजाया गया जहां दीपावली पर पूजन और आरती हुई,धरमटेकड़ी स्थित मां महाकाली बाड़ी में दीपावली की रात्रि विधि विधान से मां काली का पूजन किया गया ।

# कांग्रेस हवा हवाई वादे नहीं करती अपने सभी संकल्पों को पूरा करेगी

### चौरई के कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी सुजीत सिंह का जनसंपर्क हुआ तेज, हर वर्ग का मिल रहा समर्थन



**बिछुआ।** चौरई विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी चौधरी सुजीत सिंह का जनसंपर्क अभियान जारी है। शनिवार को श्री चौधरी ने मतदाताओं से अपील की कि आप कांग्रेस को भारी बहुमत से विजयी बनायें, ताकि आपके जीवन को सरल और सुगम बनाया जा सके। श्री चौधरी ने कहा कि 15 महीने की कमलनाथ सरकार ने पिछली बार किये गये अपने सभी वादों को पूरा किया था। इस बार भी जितने वादे कांग्रेस ने किये हैं, सरकार बनते ही उन सभी वादों को पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस न कभी हवा हवाई वादे करती है और न ही जनता के साथ अन्याय, इसलिये आप सभी लोग एकजुट होकर कांग्रेस के चुनाव चिन्ह हाथ का पंजा का बटन दबाकर भारी बहुमत विजयी बनाइये। मैं वादा करता हूं कि आपकी जरूरतों को हर हाल में पूरा किया जायेगा। श्री चौधरी ने शनिवार को गोनी, बिछुआ नगर के शांति नगर, राममंदिर चौक, माता मंदिर चौक, कुरोटे मेडिकल मार्ग, बस स्टैंड, बड़ चौक, पावर हाउस मार्ग सहित अन्य गांव के विभिन्न टोलों सहित हर लोगों के घर द्वार पर पहुंचकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

